

दैनिक अमन लेखनी
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



फाइटर का नया पोस्टर रिलीज....



कर्माधिकारी शनिदेव में नजर आएंगे......

वर्ष : 10 | अंक : 17 | लखनऊ, 27 दिसम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

# वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर ऐतिहासिक समागम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से विगत वर्ष गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के दोनों छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मान्यता मिली। परिणामस्वरूप आज मुख्यमंत्री आवास पर वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री दिल्ली में स्वयं वीर बाल दिवस कार्यक्रम के भागीदार बन रहे हैं। हम सभी महान गुरु परम्परा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। प्रदेश सरकार इस गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्धता से कार्य करती रहेगी।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक समागम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने अपने शीश पर साहिब श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के पावन स्वरूप को धारणकर, आगमन एवं स्वागत करते हुए आसन पर विराजमान किया। उन्होंने साहिब श्री गुरुग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्था टेका। मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने सिख संतों का सम्मान किया तथा लंगर छका। इस अवसर पर दशमेश पब्लिक स्कूल, लखनऊ के विद्यार्थियों ने शबद कीर्तन प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण देश में वीर साहिबजादों की स्मृति में वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) आयोजित किया जा रहा है। गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों ने देश और धर्म की रक्षा करने के लिए बलिदान दिया। आज उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने तथा सम्मान व्यक्त करने का दिवस है। यह दिवस प्रत्येक बच्चे व युवा को नई प्रेरणा प्रदान करता है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के दोनों बड़े साहिबजादों बाबा अजीत सिंह तथा बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में अपना बलिदान दिया। गुरु गोबिन्द सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता थे। ऐसा उदाहरण केवल भारत के इतिहास में प्राप्त होता है। खालसा पंथ की स्थापना के समय गुरु गोबिन्द सिंह ने कहा था कि सकल जगत मो खालसा पंथ गाजै, जगै धरम हिन्दुक तुरक दुंद भाजै। यह हम सभी के लिए नई प्रेरणा व संदेश है। गुरु गोबिन्द सिंह ने उस कालखण्ड में घोषणा की थी, कि मुगल सल्तनत की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सब कुछ श्री गुरु ग्रंथ साहब में समाहित करते हुए उस दिव्य ज्योति ने प्रेरणा प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगलों ने अत्याचार और शोषण किया था, इसका उन्हें परिणाम भुगतना पड़ा। अब मुगल सल्तनत के हुक्मरानों के घरों में दीपक जलाने वाला कोई नहीं है। परिश्रम और पुरुषार्थ से मुंह न मोड़ना, देश और धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ न्योछावर करने की ताकत स्वयं में समाहित रखना गुरु परम्परा की सीख है। इसी का परिणाम है कि गुरु कृपा से सिख समुदाय जहां कहीं भी है, अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से समाज के लिए योगदान दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान देश और धर्म के लिए था। देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग गुरु परम्परा की शुरूआत हुई। सिख गुरुओं ने लंगर की परम्परा को अनिवार्य बनाने तथा सरोवरों के निर्माण की परम्परा की शुरूआत करने का कार्य किया।

## गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है भारत : पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया. उनके साथ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक मार्च-पास्ट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ₹मुझे खुशी है कि यह सारा कार्यक्रम अब वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने इस कार्यक्रम का जश्न मनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, 'जब साहस दिखाने की बात आती है तो उम्र मायने नहीं रखती।'

मोदी ने कहा कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वअए और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भाजपा का मजाक उड़ाने वाले लोगों को करारा जवाब है : फडणवीस

**नई दिल्ली,** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उन लोगों को करारा जवाब है जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यह कहकर ताना मारते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। यहां अटल संस्कृति गौरव अवॉर्ड्स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर का निर्माण कर और जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सपना साकार किया है।

### दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली,** दिल्ली में मंगलवार को सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही और तापमान गिरकर सात डिग्री सेल्सियस रह गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से लगभग एक डिग्री सेल्सियस कम है। शहर में सफदरजंग, आनंद विहार और इंडिया गेट जैसे कई इलाकों में घने कोहरे के कारण दृश्यता कम रही। दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में तड़के साढ़े पांच बजे बजे दृश्यता 200 मीटर दर्ज की गई। पालम में यह 100 मीटर थी। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर लगभग 30 उड़ानों के संचालन में देरी हुई। इनमें अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। कोहरे के कारण 14 ट्रेन के आगमन में भी देरी हुई। मौसम संबंधी पूवार्नुमान के मुताबिक, दिल्ली और आसपास के इलाकों में बहुत घना कोहरा देखने को मिल सकता है। शहर में सोमवार को भी कोहरे की घनी चादर छाई रही थी और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### धार में ट्रक ने वाहनों को मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** मध्य प्रदेश के धार में सोमवार को मुंबई-आगरा राजमार्ग पर गणेश घाट की ओर से आ रहे एक ट्रक के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई तथा कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि वाहनों की टक्कर से भीषण आग लग गई। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह ने कहा, यह घटना शाम को ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुई। ट्रक सड़क किनारे की रेलिंग तोड़ता हुआ दूसरी तरफ की लेन में जा घुसा और कई वाहनों को भी टक्कर मार दी। उन्होंने बताया, दुर्घटना के कारण लगी भीषण आग ने तीन से चार वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दो ट्रक चालक और एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

## सेना के अधिकारियों को बदलने से पुंछ मामले का समाधान नहीं होगा : फारूक अब्दुल्ला

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि सेना के अधिकारियों को बदलने से पुंछ में हिरासत में हुई आम नागरिकों की मौत के मामले का समाधान नहीं होगा। अब्दुल्ला ने यह पता लगाने के लिए जांच का आह्वान किया कि सेना द्वारा हिरासत में लिए गए निर्दोष लोगों को इतना प्रताड़ित क्यों किया गया कि उनकी मौत हो गयी। पुंछ जिले में पिछले बृहस्पतिवार को सेना के वाहनों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए भीषण हमले के बाद सेना द्वारा पूछताछ के लिए उठाए गए तीन नागरिक मृत मिले थे। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, शांतिप्रिय आठ नागरिकों को हिरासत में लिया गया और उनमें से तीन को बहुत बेरहमी से पीटा गया और उनके घावों पर मिर्च पाउडर छिड़का गया। उनमें से तीन यह यातना सहन नहीं कर सके और उन्होंने दम तोड़ दिया। पांच अन्य लोग अस्पताल में हैं। पीड़ितों में से एक का भाई सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में है और पिछले 24 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है...अब उसका कहना है कि उसे देश के प्रति अपनी सेवाओं के बदले में भाई की मौत मिली है। उन्होंने कहा, सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान के कमांडर को भी यहां से देहरादून स्थित अकादमी भेजा है, लेकिन इससे समस्या का समाधान नहीं होगा।

## 22 से बढ़ाकर 25 साल हुई पुलिस आरक्षी भर्ती की आयु सीमा

- आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे युवाओं को प्रदेश की योगी सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव गृह को किया निर्देशित
- इस बार होने वाली पुलिस भर्ती में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को मिलेगी आयु सीमा में छूट
- योगी सरकार ने 23 दिसंबर को जारी किया था नागरिक पुलिस आरक्षी भर्ती के लिए नोटिफिकेशन
- 16 जनवरी तक इच्छुक युवा कर सकते हैं आवेदन

अमन लेखनी समाचार





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ी राहत देते हुए इस वर्ष की परीक्षा के लिए आयु सीमा में तीन साल की छूट देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को इस संबंध में निर्देशित करते हुए कहा है कि इस साल की परीक्षा में अधिकतम आयु सीमा 22 वर्ष को बढ़ाकर 25 वर्ष किया जाए। भर्ती नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से ही बड़ी संख्या में युवा आयु सीमा को बढ़ाने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं की मांग को जायज मानते हुए आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती के लिए जारी प्रक्रिया में सभी वर्गों के युवाओं के लिए उच्चतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट से इस बात की घोषणा करते हुए कहा कि युवाओं के हितों एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आपकी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर भर्ती हेतु जारी प्रक्रिया में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए उच्चतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

बता दें कि 'मिशन रोजगार' पर लगातार फोकस कर रही योगी सरकार ने 23 दिसंबर को प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। प्रदेश के युवाओं को काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार था। इसमें से अनारक्षित के लिए 24102 पद, ईडब्ल्यूएस के लिए 6024 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 16264 पद, अनुसूचित जाति के लिए 12650 पद, अनुसूचित जनजाति के लिए 1204 पद आरक्षित हैं। नोटिफिकेशन में महिलाओं के लिए आरक्षण भी निर्धारित कर दिया गया है। नोटिफिकेशन में दिए गए क्षैतिज आरक्षण में दी गयी जानकारी के तहत सम्पूर्ण पदों में से 20 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया गया है। लंबे समय बाद शुरू हुई आरक्षी भर्ती प्रक्रिया के चलते युवाओं की मांग थी कि आयु सीमा में छूट मिलनी चाहिए, ताकि कई साल से तैयारी कर रहे युवा ओवर एज के कारण प्रक्रिया से बाहर ना हो सकें। युवाओं की इस मांग को जायज मानते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमुख सचिव गृह को आयु सीमा में छूट देने के निर्देश दे दिये हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा जम्मू कश्मीर : मनोज सिन्हा

### आतंकवादी प्रदेश में लोगों को नहीं डरा सकते : पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** पुंछ में आतंकवादियों द्वारा सेना के दो ट्रकों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिकों के मारे जाने के कुछ दिनों बाद, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि सिर्फ 20-25 आतंकवादी केंद्र शासित प्रदेश में लोगों को नहीं डरा सकते। जम्मू में 'वीर बाल दिवस' पर एक कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कहा कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर के लोगों को डरा नहीं सकते। ऐसे लोगों के खिलाफ समाज को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास लाने का संकल्प लेता है। आतंकवाद और उसका समर्थन करने वाले पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने की जरूरत है।

सिन्हा ने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में यूटी आगे बढ़ रहा है। एलजी का यह बयान 21 दिसंबर को पुंछ में सेना की दो गाड़ियों पर हुए आतंकी हमले के बाद आया है, जिसमें चार जवान शहीद हो गए थे। एलजी सिन्हा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों साहिबजादों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने उन्हें साहस, बहादुरी और बलिदान का प्रतीक बताया था, जो उनके विश्वास और मूल्यों के प्रति उनके अटूट समर्पण को उजागर करता है। पिछले साल, श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह दिन गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्रों साहिबजादे के बलिदान का सम्मान करता है।

### अभियान छठे दिन भी जारी

जम्मू कश्मीर के पुंछ में पिछले सप्ताह सुरक्षाबलों पर घात लगाकर किए गए हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दुर्गम इलाकों और घने जंगलों में सुरक्षाबलों का घेराबंदी और तलाश अभियान मंगलवार को लगातार छठे दिन भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुंछ में आतंकवादियों द्वारा किए गए संबंधित हमले में चार सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। आतंकी हमले के मद्देनजर पुंछ में स्थिति की समीक्षा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सैन्य और असैन्य अधिकारियों के साथ बुधवार को घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं।

## मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस में चार दिन रोककर रखा गया विमान मुंबई पहुंचा

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** मानव तस्करी के संदेह के कारण फ्रांस में चार दिन रोककर रखा गया विमान 276 यात्रियों को लेकर मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विमान में अधिकतर भारतीय नागरिक सवार थे। अधिकारी ने बताया कि एयरबस ए340 विमान तड़के चार बजे के कुछ ही समय बाद मुंबई पहुंचा। विमान ने स्थानीय समयानुसार देर रात करीब ढाई बजे वैट्री हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। उन्होंने कहा कि जब विमान मुंबई में उतरा तो उसमें चालक दल के 15 कर्मी भी थे। आव्रजन अधिकारियों ने मुंबई पहुंचे 276 में से कुछ यात्रियों से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि किसी यात्री को हिरासत में नहीं लिया गया है और सभी 276 लोगों को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक हवाई अड्डे से जाने दिया गया।

मुंबई हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहे मीडिया कर्मियों ने बार-बार इन यात्रियों से बातचीत का प्रयास किया लेकिन उनमें से किसी ने भी पिछले चार दिन के घटनाक्रम या अपनी यात्रा के बारे में कुछ नहीं बताया। विमान उतरने के कुछ घंटे बाद हवाई अड्डे से बाहर आए अधिकतर यात्रियों को मीडिया कर्मियों से बचकर जाते हुए देखा गया।

## पोतों पर हमला करने वालों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढ निकालेंगे और सख्त कार्रवाई करेंगे : राजनाथ

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार ने वाणिज्यिक पोत एमवी केम प्लूटो और एमवी साईबाबा पर हाल में हुए हमलों का गंभीरता से संज्ञान लिया है और वह इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को समुद्र की गहराई से भी ढूंढकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। स्वदेशी युद्धक जहाज आईएनएस इंफाल को नौसेना में शामिल किए जाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन हमले और लाल सागर में एमवी साईबाबा पर हमले की घटना को गंभीरता से लिया है।

हाल ही में वाणिज्यिक पोतों पर हुए हमलों को अंजाम देने वालों को हम समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। शनिवार को पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाज एमवी केम प्लूटो पर एक ड्रोन हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल ने जहाज को सहायता प्रदान करने के लिए कई पोत तैनात किये। जहाज अपराह्न साढे तीन बजे मुंबई तट पर पहुंचा। मुंबई के रास्ते में भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम ने उसे सुरक्षा प्रदान की। भारतीय चालक दल के 25 सदस्यों के साथ गैबॉन के ध्वज वाले वाणिज्यिक कच्चे तेल के टैंकर पर कथित तौर पर दक्षिणी लाल सागर में ड्रोन हमला हुआ था।

भारतीय अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक तेल टैंकर भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं था। इस बीच, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि वाणिज्यिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए चार विध्वंसक तैनात किए गए हैं।

## वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं ममता : शाह

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को संरक्षण देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 के आम चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 35 से अधिक सीटें जीतेगी। भाजपा सूत्रों ने बताया कि शाह ने प्रदेश भाजपा के सोशल मीडिया और आईटी प्रकोष्ठ के सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि राज्य से एकत्र किए गए कट मनी का इस्तेमाल विदेशों में आलीशान मकान खरीदने के लिए किया जाता है, लेकिन वही लोग यहां चप्पल में घूमते हैं। सूत्रों के अनुसार शाह ने कहा कि लोग अब इन बातों से धोखा नहीं खाएंगे और तृणमूल कांग्रेस सरकार के काम के लिए जवाबदेही मांगेंगे।

महुआ मोइत्रा का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि उन्होंने उपहारों के बदले उद्यमियों के साथ संसद पोर्टल का अपने पासवर्ड साझा किया लेकिन मुख्यमंत्री ने उनका बचाव किया। शाह ने पूछा कि बंगाल में गरीबों के बारे में संसद में पूछने के लिए कितने सवाल थे। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद ऐसा नहीं करते क्योंकि उन्हें इसके लिए महंगे उपहार नहीं मिलेंगे। मोइत्रा को इस तरह के आरोपों में लोकसभा की आचार समिति द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद सदन की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि शाह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने के लिए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की भी आलोचना की और कहा कि ऐसा आचरण एक सांसद को शोभा नहीं देता है। बैठक में मौजूद भाजपा के एक नेता ने शाह के हवाले से कहा, दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को खुला छोड़कर अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को दांव पर लगा दिया, और घुसपैठिये उन्हें वोट देते हैं।

शाह ने कहा कि बंगाल हर मोर्चे पर देश का नेतृत्व करता था। शाह ने दावा किया कि अब यह कट मनी सिंडिकेट, घुसपैठ, वंशवादी राजनीति और बम विस्फोटों के लिए जाना जाता है। सूत्रों के मुताबिक शाह ने कहा कि एक मंत्री समेत टीएमसी नेताओं के पास से 50 करोड़ रुपये के नोट के ढेर बरामद किए गए हैं, लेकिन बनर्जी उन्हें अपनी पार्टी का सिपाही बताती हैं। भाजपा के 35 से अधिक सीटें जीतने का विश्वास व्यक्त करते हुए शाह ने पार्टी कार्यकताओं से पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के संस्थापक विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भूमि को सोनार बांग्ला बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज करने वाले भाजपा विधायकों की संख्या शून्य से बढ़कर 77 हो गई और पार्टी ने 2019 में लोकसभा की 18 सीटें जीतीं।

# गन्ना किसानों के बकाए को लेकर रालोद ने किया जोरदार प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।राष्ट्रीय लोकदल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी नेतृत्व तथा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में रालोद नेताओं ने हजारों की संख्या में गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए ह्लचौधरी चरण सिंह अमर रहेह्व, ह्लगन्ने का मूल्य घोषित करोंह्व घोषित करो जैसे गगनभेदी नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर पैदल मार्च किया और भारी पुलिस बल से झडप हुई। रालोद नेता बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए आगे बढ़े और वहीं पुलिस बल द्वारा रोकने पर भारी विरोध दर्ज कराते हुए अपर पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

विरोध प्रदर्शन का संचालन राष्ट्रीय महासचिव मुंशीराम पाल, अकीलुर्रहमान खां, शिवरतन सिंह तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे कर रहे थे। प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, अनुपम मिश्रा एवं विजय श्रीवास्तव, तथा किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत सिंह बिटटू, चौधरी चरण सिंह किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस0के0 वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




रालोद नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पूर्व में भी गन्ना किसानों की समस्याओं से लगातार आपको अवगत कराता रहा है। वर्तमान सत्र में गन्ना मिलों में पेराई शुरू हो गयी है किन्तु अभी तक सरकार की ओर से गन्ने के दाम की घोषणा नहीं हुई, महंगाई अपने चरम पर है उसके बावजूद भी गन्ने के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं हुई है। किसान इकलौता ऐसा उत्पादक है जिसको अपने उत्पाद का मूल्य तय करने का भी अधिकार नहीं है। अपने खून पसीने से कमाई हुई फसल को मिल मालिकों को देता जाता है लेकिन उसको यही नहीं पता होता कि उसकी फसल का क्या मूल्य मिलेगा कानून के अनुसार 14 दिन में भुगतान करने की व्यवस्था है, ऐसा न करने पर ब्याज देने की अनिवार्यता तय है जिसका कोई पालन नहीं किया जा रहा है। ब्याज की बात दूर फसल का लाभकारी मूल्य भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। रालोद नेताओं ने ज्ञापन में मांग की कि गन्ने का लाभकारी मूल्य 450 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किया जाय तथा सभी बकाया गन्ना मूल्य का ब्याज सहित भुगतान किया जाय, आलू का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए, केन्द्र सरकार द्वारा एथनॉल पर लगाई गई रोक हटायी जाय, 5 वर्षो से भर्ती न होने से तमाम युवा इस उम्र को पार कर चुके हैं उन्हें पुलिस भर्ती में उम्र सीमा में छूट दी जाय। विरोध प्रदर्शन में उपरोक्त नेताओं के अतिरिक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, चन्द्रबली यादव, रामआसरे विश्वकर्मा, आदित्य विक्रम सिंह, रामलखन यादव, वसीम हैदर, प्रदेश संगठन महासचिव अजीत राठी, प्रदेश महासचिव हवलदार यादव, जितेन्द्र सिंह, अरुण चौधरी , संतोष कुमार यादव, अम्बुज पटेल, रजनीकांत मिश्रा, मनोज सिंह चौहान, आर0पी0 सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, के0जी0 वर्मा, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष चैधरी राम सिंह पटेल, महेश पाल धनगर, कपिल चैधरी, रामगोपाल चंदेल, ओ0डी0 त्यागी, गणेश शंकर चतुर्वेदी, रामसजीवन पटेल, भोला वर्मा, चन्द्रकांत अवस्थी, रामसेवक रावत, रमण विजय मौर्य, विनोद यादव, चन्द्रमोहन, मो0 उस्मान, समरजीत सिंह, महेष सिंह, विपिन श्रीवास्तव, राजेष कुमार मौर्य, सुभाष यादव, अखिलेष वर्मा, महमूद खां, राममिलन चैहान, रमाषंकर चैहान, विनोद प्रताप कुंवर, षिवप्रसाद द्विवेदी, राजकुमार ओझा, धनीराम यादव, श्रीकांत त्रिपाठी, मनोज खंगार, रामसेवक पटेल, सत्येन्द्र तोमर, जगदीष यादव, बेलाल अहमद, अषोक चैधरी, नवाब सिंह छौंकर, सुनील चरौरा, चन्द्रप्रकाष रावत, राजेष शुक्ला, सैययद अली शाह, किषन राघव, रौनक खान, अषोक यादव, केषवदेव चैधरी, आजाद अली पप्पू, मनोज चौधरी , मुकेष वर्मा, विपिन द्विवेदी, ऋषभ गुप्ता, अनीता यादव, सम्राट चैहान, सुमित सिंह, हनी तोमर, असलम नेता शामिल रहे ।

## कई नेताओं ने ली रालोद की सदस्यता



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । एकीकृत ब्राह्मण महासंघ की युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोण्डा निवासी श्री संजय कुमार पाठक ने आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की प्रेरणा से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए अपने सैकड़ों साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने की घोषणा की है। श्री पाठक ने आज प्रदेश कार्यालय में रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के समक्ष सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हर्षित शर्मा, राघवेन्द्र मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, अमरीष कुमार पाण्डेय, एसएन पाठक, लल्लन तिवारी, अंगराज मिश्रा, महेश तिवारी, शुभम तिवारी, स्वदेश तिवारी व नन्हकऊ सिंह, अन्तरिक्ष वर्मा आदि प्रमुख थे।

## अनियंत्रित ट्रक ने मारी स्कूटी में टक्कर ,अधेड़ की मौत

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बे में सीएचसी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ।दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल स्कूटी सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गयी ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।बंथरा थाना क्षेत्र के गढी चुनौटी निवासी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया उनके पिता महेन्द्र प्रताप सिंह( 57वर्ष ) बीते रविवार को स्कूटी से अपने किसी काम से लखनऊ गये थे जहां से मोहनलालगंज के रास्ते वो वापस घर आ रहे थे,स्कूटी से जैसे ही सीएचसी मोहनलालगंज के मोड़ के पास पहुंचे ही थे की तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिता की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी,दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल पिता महेन्द्र प्रताप को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गये,जहां डाक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ? ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित बेटे की तहरीर पर दुर्घटना करने वाले ट्रक समेत अज्ञात चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## भूखंड पर कब्जा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज




अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। पीजीआई के उतरेठिया स्थित नई डिफेंस कॉलोनी निवासी भृगुनाथ सिंह ने एससी दुबे और बाबूलाल नामक व्यक्ति के खिलाफ भूखंड पर कब्जा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। भृगुनाथ सिंह का कहना है कि उसने अपनी बेटी रिंकी कुमारी के नाम पर घर बनाने के लिए घरौंदा इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक बिजनौर के औरंगाबाद जागीर निवासी बाबूलाल के हाथों खसरा संख्या 2636 पर 22 जुलाई 2021 को भूखंड खरीदा था। उनका कहना है कि उसका दाखिल खारिज करा कर अपने भूखंड को चार दिवारी बनाकर घेराव कर लिया था। लेकिन भृगुनाथ का आरोप है कि 17 दिसंबर 2023 की रात में स्वप्निल इंडिया के एससी दुबे द्वारा अवैध तरीके से बुलडोजर चलाकर बाउंड्री तोड़ दी गई और बाउंड्री गिराकर बुलडोजर से भूखंड के हिस्से पर अवैध कब्जा कर सड़क बना दी गई। जानकारी होने पर जब 18 दिसंबर 2023 को इस मामले की तहरीर बिजनौर थाने में दी गई तो एससी दुबे और बाबूलाल ने पीड़ित व उसके परिवार को काफी डराया धमकाया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी जा रही है। फिलहाल इस मामले में बिजनौर पुलिस ने भृगुनाथ सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती को बहला फुसला कर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिजनों ने बेटी को बहला-फुसलाकर अपने संग भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर मामला दर्ज कराया है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती लापता हो गई थी, परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी 23 दिसंबर को घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर गई थी। उसके बाद वह घर नहीं लौटी। खोजबीन कर रहे परिजनों को जानकारी हुई कि मलिहाबाद कस्बे का रहने वाला रोहित उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने संग कहीं लेकर चला गया है। परिजनों रोहित के अलावा राहुल और रिंकू पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया है। मलिहाबाद प्रभारी का कहना है कि युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बंधक बनाकर युवक ने छात्रा के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक नाबालिग से बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जंहा रहीमाबाद थाना क्षेत्र की एक गावं की नाबालिग पीड़िता की मां ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर बताया कि मेरी विवाहिता पुत्री का देवर अमरेश यादव निवास ग्राम दुदिया खेड़ा मजरे कुड़ौनी थाना बंथरा घर आता जाता था। बीते 16 दिसंबर को अमरेश रात करीब 8 बजे घर आया और नाबालिक बेटी को अकेला पाकर कोठरी में ले



जाकर जबरन दुष्कर्म किया और धमकाया कि यदि किसी को बताया तो तुमको और तुम्हारे मां बाप को जान से मार देंगे। और बताया कि पहले भी कई बार आरोपी बेटी से दुराचार कर चुका है और घटना कारित करवाने में आरोपी की मौसी ममता पत्नी राम नैन का पूरा सहयोग रहा है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी अमरेश यादव और मौसी ममता यादव के विरुद्ध पाक्सो एक्ट सहित अन्य गंम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## काकोरी में विवाहित महिला का पीछा कर युवक ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज


### व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेज व पीछा कर करता था छेड़खानी

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। काकोरी थाना क्षेत्र के पलिया गांव में मदरसे में खाना बनाने वाली महिला से गाँव का युवक आये दिन पीड़िता का पीछा कर छेड़खानी कर मानसिक व शारिरिक रूप प्रताड़ित करता था। पीड़िता के विरोध करने पर उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप के जरिये अश्लील मैसेज व अश्लील फोटो भेज कर व विडियो कालिंग कर भी प्रताड़ित करता था। पीड़िता के मना करने पर भी आरोपी नही माना। लोक लाज के कारण उसने किसी अन्य को न बताकर अपने पति को बताई। तब पीड़िता ने हिम्मत करके सम्बंधित थाने पर तहरीर दी। सम्बंधित थाने की पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेने पर आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी व एससी/एसटी एक्ट में शोषण किये जाने का मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पीड़िता के मुताबिक वह (मुजफ्फरनगर पलिया) थाना काकोरी लखनऊ में स्थित मदरसे में काम करने जाती है, तो गांव का नईम पुत्र जाहिद अली उसका रोज पीछा कर अश्लील टिप्पणी कर छेड़खानी करता था। पीड़िता के विरोध करने पर उसके नजदीकी से मोबाइल नंबर लेकर रात में अश्लील मैसेज अर्थात अश्लील फोटो भेज कर वीडियो कॉलिंग कर बात कर छेड़खानी कर प्रताड़ित करता, और अकेले में मिलने के लिए मजबूर करता। जब पीड़िता अकेले मिलने से इनकार करती और उसकी शिकायत करने की बात करती, तो आरोपी उसे जानमाल भी धमकी भी देता। जिससे परेशान व दुखी होकर उपरोक्त प्रकरण की जानकारी अपने पति को दी और संबंधित थाने पर जाकर तहरीर दी, तब स्थानीय पुलिस हरकत में आई, और उपरोक्त प्रकरण का त्वरित संज्ञान लिया। इंस्पेक्टर काकोरी नवाब अहमद ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी के विरुद्ध छेडखानी व एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बेखौफ चोरों ने ट्यूबवेल पर लगा सोलर पैनल किया पार, रिपोर्ट दर्ज



अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में 3 दिन पहले बेखौफ चोरों ने एक निजी ट्यूबवेल पर लगा सोलर पैनल पार कर दिया। अगले दिन घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामला दर्ज कराया है। बिजनौर के माती निवासी बाबा दीन सिंह के मुताबिक गांव के बाहर उनके खेतों पर उनका निजी ट्यूबवेल है। ट्यूबवेल चलाने के लिए उन्होंने वहां पर 5 किलो वाट का सोलर पैनल लगा रखा था। लेकिन शनिवार रात चोरों ने सोलर पैनल चोरी कर लिया। रविवार सुबह जब बाबा दीन अपने खेत पर पहुंचे तो सोलर पैनल गायब देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज का चोरों का सुराग लगा रही है।

## ब्लाक प्रमुख ने तीन वाटर कूलर समेत इंटरलॉकिंग का किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।विकासखंड के कांटा करौंदी ,छतौनी व हसनपुर ग्राम पंचायतो में 10 लाख की लागत के तीन सार्वजनिक जगहों पर लगे वाटर कूलरो समेत दो गांवों में 10 लाख के लागत से बने नाले व एक मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग 10 लाख व इंटरलॉकिंग 5 लाख की लागत से बने सड़क मार्ग का उद्घाटन मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख ने किया। मंगलवार को मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के कांटा करौंदी व हसनपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला 'बिंदेश्वरी' ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ 20 लाख की लागत से बनाए गए नाले का उद्घाटन किया। हसनपुर गांव स्थित पाटन देवी मंदिर पर ब्लॉक प्रमुख ने उद्घाटन के पूर्व माथा टेका और समग्र ग्राम का भ्रमण किया , तत्पश्चात मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग समेत



सामुदायिक केंद्र व विद्यालय में 10 लाख की लागत से लगायें गये तीन वाटर कूलरो का ब्लॉक प्रमुख ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। छतौनी ग्राम पंचायत में लगभग 100 मी इंटरलॉकिंग 5 लाख की लागत से बने सड़क मार्ग का उद्घाटन किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख का जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को माला पहनाई ।ग्रामीण सराहना करते हुए कहा कि यह वाटर कूलर सही जगहों पर लगें हैं। इस मौके पर जेई रवीन्द्र यादव,राजेश पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू, सुभाष पांडेय,प्रधान बृजेश वर्मा , अमित जायसवाल,छतौनी प्रधान प्रतिनिधि दिलीप रावत ,पूर्व प्रधान राजाराम , नीरज द्विवेदी, बद्री विशाल बाजपेई, अंकुश वर्मा, राजू गुप्ता सहित क्षेत्र के कई क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## राजस्व सचिव ने मोहनलालगंज तहसील का किया औचक निरीक्षण,कमियों पर लगायी फटकार

### मोहनलालगंज तहसील का राजस्व सचिव व राहत आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण,लखनऊ, रायबरेली,उन्नाव जनपदो के अपर जिलाधिकारियों व उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर चकबंदी व राजस्व मुकदमो की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।उ०प्र० के राजस्व सचिव व राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बीते सोमवार को मोहनलालगंज तहसील का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान मिली कमियों पर तहसील अफसरो को फटकार लगाते हुये सुधार की चेतावनी दी ? ।निरीक्षण के बाद राजस्व सचिव ने लखनऊ, रायबरेली,उन्नाव जनपदो के अपर जिलाधिकारियों व उपजिलाधिकारियो के साथ बैठक कर लम्बित राजस्व मुकदमों ? की समीक्षा की ।इस दौरान राजस्व सचिव ने राजस्व व चकबंदी से जुड़े सभी मामलो का अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दियें।

सोमवार की सुबह मोहनलालगंज तहसील पहुंचे राजस्व सचिव व राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने एडीएम प्रशासन डा०शुभी सिंह व एसडीएम हनुमान प्रसाद की मौजूदगी मे सबसे पहले नायाब तहसीलदार मोहनलालगंज व निगोहां की कोर्ट का निरीक्षण कर मुकदमो के निस्तारण को देखने के बाद पत्रावलियों में प्रतिदिन की कार्यवाही अंकित करने की बात कही। जिसके बाद अभिलेखागार, आरके दफ्तर, कम्प्यूटरीकृत खतौनी वितरण काउंटर का निरीक्षण कर प्रतिदिन कितनी खतौनी निकाली जाती है मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से जानकारी ली ।इसके बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस निस्तारण कक्ष पहुंचकर रजिस्टार देखने के बाद तीन शिकायतकर्ताओ को फोन कर फीडबैक लिया ।जिसके बाद सभागार में लखनऊ, रायबरेली,उन्नाव जनपद के अपर जिलाधिकारियों व सभी उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर लम्बित राजस्व मुकदमों की समीक्षा करते हुये न्यायालयो में लम्बित मुकदमो के जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दियें ।समीक्षा के बाद राजस्व सचिव जीएस नवीन कुमार ने एडीएम प्रशासन डा०शुभी सिंह, उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य,तहसीलदार आनन्द तिवारी के साथ जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिये कम्बलो का वितरण किया ।राजस्व सचिव का निरीक्षण सकुशल निपटने के बाद तहसील अफसरो ने राहत की सांस ली।

## बेखौफ चोरों ने सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल के घर से नगदी जेवरात और लाइसेन्सी पिस्टल करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में रविवार रात बेखौफ चोरों ने सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल के बंद घर को निशाना बनाकर हजारों रुपए की नगदी समेत लाखों रुपए के जेवरात और लाइसेन्सी पिस्टल पार कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वायड सहित फॉरेंसिक टीम छानबीन कर रही है।



सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल धर्मपाल रावत डीआईजी आफिस लखनऊ में तैनात होने के साथ ही अपने परिवार संग सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास आउटर रिंग रोड के किनारे रहते हैं। धर्मपाल परिवार सहित बीते रविवार दोपहर करीब एक बजे बिजनौर में अपने साले के घर कासिम खेड़ा गए थे। सोमवार सुबह करीब दस बजे घर वापस लौटे तो सभी कमरों व अलमारी के ताले टूटे मिले। साथ ही सारा सामान अस्त- व्यस्त पड़ा मिला। यह देखकर धर्मपाल के होश उड़ गये। आनन-फानन घटना की सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मौके पर डॉग स्क्वायड सहित फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं ।धर्मपाल के मुताबिक चोर घर में रखे करीब चार लाख रुपए कीमत के गहने और 20 हजार रुपये की नगदी सहित लाइसेंसी पिस्टल भी उठा ले गए हैं। वहीं चोरी की सूचना पाकर एसीपी कृष्णानगर विनय कुमार द्विवेदी ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और चोरों को पकड़ने के लिए टीमों को लगा दिया है। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगाया जा रहा है।

## रोली यादव का महिला यूपीसीए स्टेट लेवल इंटर जोन लीग में चयन

अमन लेखनी समाचार

काकोरी। जीबी पंत क्रिकेट अकादमी की खिलाड़ी रोली यादव का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा हो रही सीनियर महिला स्टेट लेवल जोनल लीग गोंडा में आयोजित हो रही 26 दिसंबर से बहराइच जोन की टीम में चयन हुआ सिलेक्शन होते ही अकादमी के खिलाड़ियों ने खुशी बनाते हुए रोली यादव का मुंह मीठा करा कर उनको शुभकामनाएं दी ।लखनऊ क्षेत्र के छोटे से गांव उदेत खेड़ा निवासी रोली यादव का चयन यूपीसीए महिला क्रिकेट टीम में हुआ है. इस उपलब्धि पर लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, रोली के स्वजनो व क्षेत्र में खुशी की लहर छायी हुई है। लखनऊ क्रिकेट एकेडमी



के कोच अभिषेक चौरसिया ने बताया की रोली यादव मीडियम पेसर बेहतरीन बालिंग करती है, जोकि काकोरी के उदेत खेड़ा की रहने वाली है, जो बहुत ही गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। जिसने की अपने गाँव का नाम रौशन किया है।

## विकास,राजस्व से जुड़ी मांगो को लेकर भाकियू आ० ने किया धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। ब्लाक मुख्यालय पर मगंलवार को भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व में किसानो ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया ।जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने कहा बुजुर्ग व विधवा पेशंन मिलने में आ रही समस्याओ,समितियों पर महंगे दामो में बिक रही खादो,उतरावा मजरा मठ गांव में दंबग द्वारा चालीस वर्ष पुराना सरकारी खड़जा उखाड़कर अपने खेत मे मिलाने समेत विकास, राजस्व,स्वास्थ विभाग से जुड़ी समस्याओ को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया ।जिसमें बीडीओ पूजा सिंह व नायाब तहसीलदार निर्मल चन्द्र भारती ने धरना प्रदर्शन में पहुंचकर उनकी सभी मांगो का जल्द से जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया ।जिसके बाद जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने मांगो पर कार्यवाही ना होने पर दोबारा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी अफसरो को देते हुये प्रदर्शन समाप्त किया ।इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मोहनलालगंज पुलिस व पीएसी बल मौके पर मुश्तैद रहा ।इस मौके पर वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा,मंडल महामंत्री दिलराज सिंह,जिला महामंत्री संतलाल पटेल,जिला उपाध्यक्ष मनोज पटेल,शारदा पटेल, युवा जिलाध्यक्ष मनीष पटेल,तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहें।

## पुरानी रंजिश में लाठी-डंडो से चार को पीटा,एक आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। निगोहां के उतरावॉ मजरा सैदापुर गांव निवासी रंजीत ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते सोमवार की रात 8:30बजे के करीब पड़ोसी राहुल ने अपने भाई अम्बर व पिता गुरूदयाल के साथ मिलकर शराब के नशे में धुत होकर पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडो से हमला कर बुरी तरह उसकी पिटाई करने लगे इस दौरान बीच बचाव को आये पिता छत्रपाल व चाची सुनैना व छोटे भाई की पत्नी बब्ली की बुरी तरह पिटाई कर घायल करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी पिता-पुत्र मौके से भाग निकलें ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्रो के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर एसीपी न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## संक्षेप

### विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखो की गृहस्थी राख

उन्नाव। नवाबगंज कस्बे में विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने से घर में रखी लाखों रुपए की गृहस्थी जल कर खाक हो गई ।क्षेत्र वासियों ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बे के बाईपास पर स्थित रोहित गुप्ता के मकान में विद्युत शार्ट सर्किट से अचानक मंगलवार दोपहर आग लग गई क्षेत्रीय लोगों ने एकजुट होकर भारी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर के अंदर रखी लाखों रुपए की गृहस्थी व कपड़े जल कर स्वाहा हो गए।

### विज्ञान कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

हसनगंज, उन्नाव।कस्बा मोहान में स्थित आरके मांटेसरी विद्यालय में आयोजित विज्ञान कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अथिति के तौर पर लघु उद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे ।विद्यालय में बच्चो द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी देखी। जिसमें प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा चंद्र यान 3 माडल,स्मार्ट सिटी,जल संरक्षण का संदेश देते प्रदर्शनी देख बच्चों की सराहना की। बच्चो को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मध्यम वर्गीय समाज के लिए इतनी अच्छी शिक्षा विद्यालय द्वारा दी जा रही हैं इसका आंकलन बच्चो की प्रदर्शनी और प्रस्तुति से पता चल रहा है।बच्चो ने सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश देते हुए झांकियां प्रस्तुत की ।फेसबुक,इंस्टाग्राम, गुगल आदि इंटरनेट मीडिया का बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में प्रस्तुत कर अभिवावकों से बच्चो को मोबाइल से दूर रखने का संदेश दिया ।इस अवसर पर प्रबंधक विनोद मौर्य,चेयरमैन समरजीत यादव, एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ संतोष सिंह,लेखपाल प्रशांत मिश्रा,राजेश कुमार मौर्य, कल्पना सिंह, अमित सिंह, आरती ,चांदनी मौर्या, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बीघापुर, उन्नाव।थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बालिका को भगा ले जाने की घटना में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिय बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी बालिका को दो माह पूर्व बहला फुसलाकर भाग ले जाने के आरोप में दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत दिनांक 17/ 10 /2023 को कर लिया था जिसमें अभियुक्त प्रीतम पुत्र रामजस निवासी बीर गोविंदपुर बढई का पुरवा थाना लालगंज जिला रायबरेली निवासी को बिहार पुलिस ने अभियुक्त को उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बड़े ही धूम-धाम से शहर में निकाली गई तुलसी पूजन यात्रा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।हिन्दू जागरण मंच व नर सेवा नारायण सेवा द्वारा पिछले वर्षों की भांति ही संस्थापक विमल द्विवेदी की अगुवाई में भव्य तुलसी पूजन यात्रा निकाली गई यात्रा का शुभारंभ पूज्य संतों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक व संस्थापक विमल द्विवेदी ने प्रभु श्री राम का पूजन अर्चन कर आरती किया गया इस दौरान श्री राम मंदिर का माडल व 15 फीट ऊंची श्री राम मूर्ति आकर्षण का केंद्र रही पूरा शहर भगवा ध्वक्षजों से मंच के कार्यकताओं ने पाट दिया। यात्रा में दर्जन भर दंडी सन्यासी विमल दिवेदी के साथ चल रहे थे। खाटू श्याम जी सहित सैकड़ो भव्य झांकियों ने यात्रा को पूरी भव्यता प्रदान की,जयश्रीराम हर हर महादेव के जय घोषों के साथ ही यात्रा का नेतृत्व सुसज्जित घोड़ो का दल व आर्मी बैंड आगे-2 कर रहे थे। इस दौरान आमजनमानस में 51000 तुलसी के पौधों का निशुल्क वितरण करने का उपक्रम पिछले एक माह से




जारी है जो रामलीला मैदान से लेकर आज यात्रा मार्ग में भी हिन्दू जागरण मंच द्वारा किया गया। लोगों ने रुक रुककर तुलसी के पौधे प्राप्त किये। कार्यकर्ता पिछले एक माह से जनसंपर्क के साथ तुलसी के पौधे देकर यात्रा में लोगों को आमंत्रित कर रहे थे।ज्ञात हो दोनों भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी व मदन मोहन मालवीय जिनका जन्मदिन भी आंग्ल तिथि अनुसार 25 दिसंबर होता है उनके साथ अयोध्या आंदोलन में बलिदान हुए कारसेवकों को भी अपनी विनम्र श्रद्धांजलि विमल द्विवेदी ने दी।

यात्रा शहर के रामलीला मैदान से शुरू होकर आवास विकास के वृंदावन गार्डन तक गई वहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्मदिन को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया गया।इस दौरान मंच के संस्थापक विमल द्विवेदी ने बताया सनातन धर्म मे तुलसी एक पूज्य एवम बेहद गुणकारी पौधा है ,कोरोना काल मे लाखों लोगों का जीवन तुलसी के काढ़े से बचा है। तो लोगों को अपसंस्कृति के प्लास्टिक के पौधे घर मे सजाने के बजाए तुलसी जैसे गुणकारी पौधों को हर घर मे लगाना चाहिए। भारतीय संस्कृति एक जीवंत संस्कृति है जो लाखो करोड़ो वर्षों से अपनी निरंतरता बनाए हुए है जिसका कारण उसका वैज्ञानिक पक्ष है ।ईसाई मिशनरियों के छल फरेब का प्रतिकार आवश्यक है अन्यथा ये घुन की तरह समाज को खा रहे है । मिशनरियां धर्मांतरण का गंदा खेल आज भी जारी रखे हैं आज भी रेलवे,डिफेंस के बाद सबसे अधिक जमीन भारत मे वक्फ बोर्ड और कैथोलिक चर्चों के पास हैं। उन्होंने हाल ही में धर्मांतरण पर कड़ा कानून केंद्र सरकार से बनाने की अपील की व वक्फ बोर्ड ,कैथोलिक चर्चों जैसे फ्रॉड संस्थाओं को बैन कर जमीनें वापस लेने की मांग की ताकि हिन्दू संस्कृति को बचाया जा सके। इस दौरान मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी , नगर महामंत्री धर्मेंद्र शुक्ल, विकास सिंह सेंगर, मनीष अवस्थी, विष्णु गुप्ता, आचार्य कमलेश बाजपेई गायत्री परिवार, अभिषेक तिवारी, आलोक शुक्ला, मनीष मिश्रा, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान यूनियन (आराजनैतिक) टिकैत गुट ने किया एक दिवसीय धरना

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर में मंगलवार को किसान यूनियन टिकैत गुट ने एक दिवसीय धरना कर सरकार को चेताया और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीघापुर क्षितिज द्विवेदी को सौंपा।तहसील बीघापुर में किसान यूनियन के तहसील प्रवक्ता अजय बाजपेयी व जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह के नेतृत्व में करीब एक सैकड़ा से ऊपर किसान तहसील परिसर में इकट्ठा हुए और उन्होंने कई समस्याओं के प्रति सरकार से हल निकालने की मांग की।हल न निकल पाने की दशा में संगठन द्वारा कठोर निर्णय लेने के लिए सरकार को चेताया।संगठन की 15 सूत्रीय प्रमुख मांगो में देवारा, भोगइता, मानपुर ,कुन्दनपुर आदि ग्राम सभाओं व भूमि में भूमाफियों द्वारा बेसकीमती भूमि पर कब्जा किया जा रहा नहर की सरकारी



नाली तोड़ दी गयी ।ग्राम सभा इन्देमऊ में माँ मुक्तेश्वरी मंदिर में लगा इण्डिया मार्क का नल लगभग 3 वर्षों से खराब है।कई बार शिकायत की गयी पर कोई हल नहीं निकला ।ग्राम मलौना का मजरा पाण्डेयपुर का रकबा नम्बर 618 में दो बीघा 6 बिसुआ गंगा एक्सप्रेस वे में अधिगृहित हुआ शेष बची जमीन को क्षेत्रीय लेखपाल राजू द्वारा बंजर दिखाया जा रहा है।ग्राम सभा मलौना के मजरा पाण्डेयपुर में पच्चू पासी की मृत्यु के बाद उनके वारिस पुत्र राम गुलाम और नंदू के नाम वरासत करने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल राजू द्वारा 500रु लिए गए वरासत दर्ज करने के लिए 2000रु और मांगे जा रहे है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) उन्नाव की बीघापुर इकाई की महिला प्रकोष्ट की ब्लाक अध्यक्षा मोहिनी त्रिवेदी द्वारा ग्राम सभा कुन्दनपुर में किये गए विकास कार्यों की आर०टी० आई० द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सुमेरपुर से सूचना मांगी गयी थी ।इन सब मांगो को लेकर किसान संगठन के तहसील प्रवक्ता अजय बाजपेयी ने बताया हल न निकल पाने के दशा में संगठन कठोर निर्णय लेने के लिए विवश होगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में स्वास्थ्य कर्मी की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के संडीला बांगरमऊ मार्ग किनारे गोसवा नहर पुल के पास मंगलवार सुबह संदिग्ध हालत में स्वास्थ्य कर्मी अचेत अवस्था में पड़ा मिला। अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्वास्थ्य कर्मी की मौत होने से स्वास्थ्य विभाग में शोक का माहौल व्याप्त रहा। लखनऊ थाना मोहनलालगंज के कुशलीखेड़ा देहवा गांव के रहने वाले राम सहाय का तीस वर्षीय बेटा हिमांशु बेहटा मुजावर कस्बा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रभारी (सीएचओ) के पद पर कार्यरत था।रविवार व क्रिसमस पर दो दिन की छुट्टी के चलते वह शनिवार को ड्यूटी क्षेत्र से घर चले गए थे। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव कैथौली में होनी थी। कार्यक्रम में ड्यूटी के लिए वह अपने घर से बाइक से आ रहा था। तभी मंगलवार सुबह बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संडीला बांगरमऊ मार्ग किनारे गोसवा नहर पुल के निकट वह अचेत अवस्था में पड़ा पाया गया। जिसके बाद पुलिस के सहयोग से उसे बांगरमऊ सीएचसी पर भर्ती कराया गया।जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बांगरमऊ अस्पताल डाक्टर के अनुसार मृतक के शरीर पर बाहरी हिस्से में कही चोट के निशान नही देखे जा सके है।कुछ लोगों का अनुमान है कि घटनास्थल के निकट मोड़ पर डिवाइडर से बाइक टकरा कर पलटने से मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।

# सनातन धर्म सत्संग समारोह को लेकर की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव।स्थानीय भगवती चरण वर्मा पार्क में 71वाँ तीन दिवसीय सनातन धर्म सत्संग समारोह का आयोजन बुधवार से प्रारंभ किया जाएगा।कस्बे के एक गेस्ट हाउस में हुई बैठक में समारोह को लेकर भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

यह जानकारी देते हुए समारोह के अध्यक्ष भिनकीपुर धाम के स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी मोटेश्वर मंदिर समीप स्थित भगवती चरण वर्मा पार्क में बुधवार से तीन दिवसीय धर्म संसद लगेगी जिसमे देश और प्रदेश के कोने कोने से संत मनीषी पधार कर धर्मोपदेश से लोगो को



आच्छादित करेंगे ।ब्रह्मचारी जी ने बताया कि संत सम्मेलन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा ।अंतिम दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो आयोजन स्थल से नगर के विभिन्न मंदिरों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर सम्पन्न होगी ।बैठक में समारोह को सफल बनाने के लिये आयोजको को जिम्मेदारी सौंपी गई ।चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, राजू स्वर्णकार,सौरभ ओमर, महावीर शुक्ला,डॉक्टर संजीव अग्निहोत्री आदि ने साधु संतों का स्वागत किया।

# शिक्षामित्र पर फर्जी अभिलेख लगाकर नौकरी पाने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव।तहसील के साहपुर सिंधौरा गांव के मजरा सहजन पुर के प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2008 में ब्लाक समिति द्वारा महिला शिक्षामित्र नीतू सिंह को सबसे अधिक अंक होने के चलते चुना गया था ।चुनी गई शिक्षामित्र ने 2007 में गुरुकुल विश्वविद्यालय वृंदावन मथुरा के सेंटर न्यू मॉडर्न पब्लिक इण्टर कालेज गढ़ी से इण्टर पास किये हुए शिक्षण प्रपत्रों के आधार पर गांव में प्रथम स्थान पाकर शिक्षामित्र की जगह पाई थी जिस विद्यालय से नीतू सिंह ने इण्टर की परीक्षा पास कर मार्कसीट व सर्टिफिकेट पाया था उसी विश्वविद्यालय को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन न्यू दिल्ली द्वारा 2014 में फर्जी बताकर कार्यवाही की बात कही गई थी ।उन्नाव के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकायत के बाद विश्विद्यालय से प्रमाण पत्र मांगे थे विद्यालय द्वारा नीतू सिंह के दिए गए इंटरमीडिएट के प्रमाणपत्र पर व्यक्तिगत लिखा था जबकि नीतू सिंह द्वारा दिये गए इंटरमीडिएट के प्रमाणपत्र पर रेगुलर अंकित होने की बात कहते हुआ 13/10/2023 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा नियंत्रण आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश श्री स्वामी नारायण भवन लखनऊ को पत्र भी लिखा था ।इस फजीर्वाड़े की शिकायत गांव के ही मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री ,माध्यमिक शिक्षा सचिव के अलावा जिले के उच्च अधिकारियों को देकर शिक्षामित्र नीतू सिंह के शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी होने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग करते हुए बताया इण्टर की अंक तालिका व प्रमाणपत्र में विषय अलग है और साथ ही 2003 के बाद से इस विश्विद्यालय में शिक्षण कार्य व परीक्षा न होने की भी बात कही है और नीतू सिंह के दो प्रमाणपत्र होने की बात कहते हुए बताया दोनों प्रमाणपत्रों पर एक ही रोल नम्बर अंकित है जिसमे से एक व्यक्तिगत जबकि दूसरा रेगुलर का है ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा हसनगंज व सफीपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारीयो को जांच देकर जल्द से जल्द साक्ष्यों के साथ रिपोर्ट देने की बात कही गई थी पर दो माह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई जांच रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध नही कराई जा सकी है।

# ताड़का वध के बाद तालियों से गूंज उठा पंडाल

**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव।विगत वर्षों से चली आ रही तीन दिवसीय रामलीला ने अपने 150 वर्ष पूर्ण करते हुवे प्रथम दिन की लीला का समापन किया। लीला की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। अभिनय कलाकारों द्वारा मुख्य रूप से दुष्ट राक्षस ताड़का द्वारा मुनि विश्वामित्र को यज्ञ न करने देना। फिर प्रभु श्री राम द्वारा ताड़का, मारीच व सुबाहु का वध करना दृश्य दिखाया गया। उक्त रामलीला में यह और रोमांचक हो जाता है कि सभी कलाकार आशाखेड़ा गाँव के ही निवासी है। लीला की शुरूवात मुनि विश्वामित्र द्वारा आचार्य जी को बुलाकर यज्ञ कराने का प्रयास किया जाता है।लेकिन



दुष्ट ताड़का व उनके राक्षस दल उनकी यज्ञ में बराबर विघ्न डालते है।जिससे वह परेशान होकर राजा दशरथ के पास जाकर उनके दोनों पुत्र राम व लक्ष्मण को अपने साथ लेकर चले आते है। पुनः यज्ञ की शुरूआत होती है।दंडक वन में विचरण कर रही ताड़का का इस बार प्रभु श्री राम से सामना होता है।और प्रभु के हाथों ताड़का का वध हो जाता हैं। उनके वध के उपरांत मारीच व सुबाहु भी प्रभु के हाथों मारे जाते है। उक्त लीला में सभी कलाकार आशाखेड़ा निवासी ही है। जो बड़ी उत्सुकता के साथ इस दिवस का इंतजार करते है ।अभिनय कर्ताओ में राजा दशरथ हरीश अवस्थी आचार्य पूती वर्मा, विश्वामित्र राम कुमार शुक्ला राम मृदुल बाजपेई लक्ष्मण अर्पित बाजपेई, ताड़का नवाब शर्मा द्वारा अभिनय किया गया।

# विज्ञान कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**


हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान में स्थित आरके मांटेसरी विद्यालय में आयोजित विज्ञान कला प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अथिति के तौर पर लघु उद्योग खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे ।विद्यालय में बच्चो द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी देखी। जिसमें प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा चंद्र यान 3 माडल,स्मार्ट सिटी,जल संरक्षण का संदेश देते प्रदर्शनी देख बच्चों की सराहना की।बच्चो को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मध्यम वर्गीय समाज के लिए इतनी अच्छी शिक्षा विद्यालय द्वारा दी जा रही हैं इसका आंकलन बच्चो की प्रदर्शनी और प्रस्तुति से पता चल रहा है।बच्चो ने सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश देते हुए झांकियां प्रस्तुत की ।फेसबुक,इंस्टाग्राम, गुगल आदि इंटरनेट मीडिया का बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में प्रस्तुत कर अभिवावकों से बच्चो को मोबाइल से दूर रखने का संदेश दिया ।इस अवसर पर



प्रबंधक विनोद मौर्य,चेयरमैन समरजीत यादव,एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ संतोष सिंह,लेखपाल प्रशांत मिश्रा,राजेश कुमार मौर्य, कल्पना सिंह, अमित सिंह, आरती ,चांदनी मौर्या, आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की हुई खरीद

**अमन लेखनी समाचार**



हसनगंज, उन्नाव। बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ चुनाव में कुल 14 नामांकन पत्र बिके अध्यक्ष पद के लिए दो, महामंत्री पद दो,वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक,कोषाध्यक्ष का एक नामांकन पत्र बिका अध्यक्ष पद के लिए महेश दीक्षित ने नामांकन पत्र भरा बार एसोसिएशन चुनाव अधिकारी कौशल पांडेय ने बताया की नामांकन पत्र बिकने की तारीख 27 दिसंबर की है , पर्चा जॉच 28 सहित मतदान 5 जनवरी व मतगणना भी 5 जनवरी को ही है होगी जीते प्रत्यासी को 6 जनवरी को प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। कस्बे के मिर्री चौराहा पर सडक पार करते समय बाइक सवार क्लीनिक संचालक को ट्रक ने टक्कर मार दी ।टक्कर लगने से बाइक ट्रक के नीचे जा घुसी।जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं ।वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया।

पश्चिम बंगाल प्रांत के कोलकाता निवासी जोकि वर्तमान समय में मौरावां क्षेत्र के गांव लोनियनखेड़ा में रिश्तेदार के पास रह रहे 32 वर्षीय युवक तन्मय बनर्जी मंगलवार सुबह किसी काम से मिर्रीकला आया था ।जहां से बिहार क्षेत्र के तकिया जा रहा था ।तभी दही - पुरवा मार्ग पर मिर्री चौराहा पर रोड क्रास करते समय मौरावां की तरफ से सीमेंट लादकर आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी ।जिससे युवक की बाइक ट्रक के नीचे जा खुशी ।ट्रक बाइक को घसीटता हुआ लें गया जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा हैं ।सूचना पर पहुंचे तन्मय के रिश्तेदार प्रकाश हलधर ने कोलकाता स्थित तन्मय के पिता निताई को घटना की जानकारी दी है ।प्रकाश ने बताया कि लगभग पाँच वर्षो से तन्मय हमारे पास रहकर क्लीनिक चलाता था ।कुछ दिन पूर्व उसने बिहार क्षेत्र के तकिया में किराए की दुकान लेकर क्लीनिक चला रहा था ।वहीं जा रहा था।कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं ।परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी हैं।ट्रक को कब्जे मे लिया गया हैं।

# उधारी के रुपियो के लेनदेन को लेकर घर पर चढ़कर की मारपीट

सफीपुर, उन्नाव।उधार के रुपिया मांगने पर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर चढ़ाई कर मारपीट करने का आरोप लगाया प्रभारी निरक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 10 अज्ञात सहित कुल 17 लोगो पर घर पर चढ़ कर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है । कस्बे के मोहल्ला राहतगंज बाजार निवासी श्रीकृष्ण पुत्र रूपनारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले की ही निवासी मनीषा से सोमवार देर शाम रुपिया की लेनदेन पर वाद विवाद हो गया था ।उसके बाद देर रात मनीषा उर्फ मंसू के साथ कस्बे के ही निवासी रईसुद्दीन के पुत्र मेहनाज,मेराज, के अलावा टीपू, सानू मिसबाह, व सालिग कश्यप के पुत्र रंजीत ,मयंक व अन्य 10 अज्ञात लोग घर पर चढ़ आए पहले श्रीकृष्ण को मारना पीटना शुरू कर दिया जिसे देख पड़ोसी व अन्य लोग आ गए परिजनों में हरीकृष्ण विक्की, बॉबी,उषा , मंजू को भी मारा पीटा जिनको मामूली चोटे आई है प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि महिला सहित 17 लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# कुछ महीनों पूर्व बनी सड़क हुई गड्ढा युक्त

**अमन लेखनी समाचार**

औरास, उन्नाव। जहां एक और सुबह के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने का संकल्प ले बैठे हैं वहीं उनके अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की मानो कसम सी खाई है लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार इस प्रकार अपने पैर पसारे है कि क्या कहा जाए आपको बताते चलें की लोक निर्माण विभाग मानो अपनी आंखें पूरी तरह से मूंद कर बैठा है आपको बताते चलें कि पूरा मामला उन्नाव जनपद के औरास रहीमाबाद रोड का है जो कि लगभग दस किलोमीटर की लंबी सड़क है यह सड़क कुछ महीनों पूर्व ही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाई गई थी लेकिन क्या कहा जाए की सड़क बनने से पहले ही सड़क वे सड़क होनी शुरू हो गई इसका मुख्य कारण विभाग है विभाग में फैला भ्रष्टाचार है स्थानीय लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग अपनी कार्यशैली से हमेशा ही सुर्खियों में रहता है वही संदीप कनौजिया(मोनू)महेंद्र पासी,सुरेंद्र कनौजिया,रोहित कुमार कनौजिया पवन शर्मा राहुल गच्छामी आदि लोगों ने बताया कि यदि रोड की दुरुस्तीकरण सही तरीके से नहीं होती है तो मामला उच्च अधिकारियों के चौखट पर लेकर पहुंचेंगे अगर वहां भी नही सुनवाई होती है तो औरास रहीमाबाद सड़क का मामला सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में ले जाएंगे वहीं उक्त सड़क के संबंध में जब एक्ससीएन सुबोध कुमार से टेलीफोनिक वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है जल्द से जल्द औरास रहीमाबाद रोड की जांच करा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करवाई जाएगी और रोड को दुरुस्त कराया जाएगा।

# गुरु द्वारा में मत्था टेक लंगर में शामिल हुए भाजपा नेता

**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। प्रातः बाल शाहिदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब यादगार बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह नवाबगंज, गुरुद्वारे में माथा टेक लंगर में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र द्विवेदी शशिकांत राजपूत अनुज सिंह मुकुंदमोहन त्रिपाठी प्रधान पवन शर्मा प्रधान प्रति रेशू तिवारी जिला लोक सभा विस्तारक अमित सिंह राहुल राजपूत सतेंद्र रावत शुसील श्रीवास्तव श्रावण कुमार तिवारी निर्लेश दिक्छितव अन्य सभी वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगणों के साथ प्रसाद ग्रहण किया गया नवाबगंज विकासखंड परिसर में अरुण सिंह जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के कार्यकाल में स्थापित



श्रध्येय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर नवाबगंज मंडल अध्यक्ष बड़े भाई राजेंद्र द्विवेदी जी एवं मंडल के सभी वरिष्ठ कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ अटल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं अटल बिहारी वाजपेई पुस्तकालय एवं वाचनालय का भी अवलोकन कर कर जिसमें ब्लॉक प्रशासन द्वारा उपरोक्त पुस्तकालय की काफी उपेक्षा की जा रही है दुर्भाग्य है कि 25 दिसंबर को जयंती के दिन विकासखंड मुख्यालय पर ताला बंद रहा पूरे दिन अधिकारियों ने ताला नहीं खोला आज 26 दिसंबर को मुझे वह मंडल के पदाधिकारी को माल्यार्पण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसके पश्चात विकासखंड नवाबगंज में ही स्थापित सरदार वल्लभभाई पटेल लौह पुरुष की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें माल्यार्पण किया गया।

चिंतन

# बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क रहे सरकार

भारत सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है। देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील मानी गई है, लेकिन कर्ज इतना ना हो जाय कि ब्याज देनदारी में ही पसीने छूटे और भुगतान का संकट पैदा हो जाय। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, इसी के साथ सुरसा की भांति बढ़ते कर्ज अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। हाल के वर्षों में कर्ज के चलते देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी होते देनिया ने देखी है। पाकिस्तान, श्रीलंका का उदाहरण सामने है। कुछ वर्ष पूर्व तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट हमने देखा है। भारत की फ्रीबिज राजनीति जिस तरह चलन में आ गई है, इससे सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। अकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है। देश के हर नागरिक पर 1.40 लाख रुपये का कर्ज है। सरकार को फिजूल खर्ची बंद करनी होगी, संपत्ति निर्माण से जुड़े खर्च बढ़ाना होगा, मुफ्तगिरी वाली योजनाओं को बंद करना होगा, विकास की दिशा को संपत्ति सृजन की तरफ मोड़ना होगा। चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजकोषीय घाटा व वित्तीय घाटा दोनों बढ़ा है। ये अनुमानित लक्ष्य से अधिक हैं। ऐसे में सरकार पहले से ही वित्तीय दबाव में है। जीएसटी कलेक्शन और प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है, लेकिन इसी के साथ सरकारी बैंकों का एनपीए भी बढ़ा है। बैड बैंक के आइडिये से सरकारी बैंकों की माली हालत में सुधार नहीं हुआ है, उन पर गैर निष्पादित अस्तियों का दबाव बना हुआ है। राज्यों की केंद्र पर वित्तीय निर्भरता बनी हुई है, राज्य वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो रहे हैं, उल्टे उनके कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। सरकारों को समय रहते कर्ज पर अंकुश लगाना होगा। आईएमएफ ने कहा है कि भारत को लॉन्ग टर्म में कर्ज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, आईएमएफ की इस रिपोर्ट पर केंद्र सरकार ने असहमति जताई की है। भारत सरकार का मानना है कि सरकारी कर्ज से जोखिम काफी कम है, क्योंकि ज्यादातर कर्ज रुपये में है। आईएमएफ का कर्ज बढ़ने का दावा अतिश्योक्ति जरूर लग सकता है, लेकिन सरकार पर भारी कर्ज भविष्य का संकट है। सरकार को समझदारी से खर्च प्रबंधन के उपायों को अपनाना चाहिए। आईएमएफ की चेतावनी को हल्के में लेना ठीक नहीं होगा। सरकार बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क-सजग रहे तो अच्छा है।



दिवस विशेष

रवि शंकर


खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागजों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।


# किसानों को संकट से उबारना जरूरी

किसान दिवस पर भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान की स्थिति देखकर देश के तमाम विकास के दावे बेमानी लगने लगते हैं। इसका एक कारण सरकार द्वारा किसानों पर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना नहीं देना है। मालूम हो,सरकार ने किसानों को 2022 तक उनकी आय दो गुना करने का वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागत का डेढ़ गुना करने का वादा किया था, लेकिन वादे केवल वादे ही बनकर रह गए। गौर करने वाली बात यह है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता।

यह विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई क्रांतिकारी सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। वहीं जरूरत से ज्यादा उत्पादन भी आफत का कारण बन जाता है, क्योंकि उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और उसे उन्हें औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है। यदि किसान का उत्पादन अधिक हो जाए तो भी सरकार हाथ खड़े कर देती है और कम रहे तब भी सरकार को परेशानी होने लगती है(

भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। फिर भी उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले डेढ़-दो दशकों से जो भी सरकारें बनी, उसने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उनका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी न जाने कई योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा भारत निर्माण, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत काफी क्षेत्रों को सिंचित करने का प्रस्ताव भी है, लेकिन सही तरीके से क्रियान्वयन न होने की वजह से इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्सर यह बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है, लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे अधिक कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। यह एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास



दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा होना निश्चित ही गंभीर बात है।

गौरतलब है कि भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी लोगों को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। भुखमरी का यह तस्वीर कृषि संकट का ही एक चेहरा है। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों की आत्महत्याओं में दिखाई पड़ रहा है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। बरसों से देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें आ रही हैं, तो दूसरी तरफ तेजी से खेती से विमुख हो रहे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इन हालात में, खासकर तब जबकि बेलगाम आबादी के लिए मंडराते खाद्यान्न संकट के मद्देनजर सरकार एक और हरित क्रांति की जरूरत पर जोर दे रही है। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले ही पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण मेंचाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनीजरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति और भयानक हो सकती है। किसानी का पूरा काम इतना श्रम आधारित है कि इसमें शरीर तोड़ने वाले श्रम की जरूरत पड़ती है। किसान प्रकृति से भी लड़ता है क्योंकि प्रकृति कभी भी उसके नियम से चलती नहीं है और सरकार के द्वारा बनाई गई तमाम व्यवस्थाएं जो उसके प्रतिकूल जा रही हैं, किसान को उससे भी लड़ना होता है।

साफ है, लागत खर्च बढ़ने से देश के किसानों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यहां तक उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।


बलिदान दिवस

डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार




# अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द

धन्य है जालन्धर जिले के तलवन ग्राम की वह भूमि जहां नानकचन्द के घर में 1856 में स्वामी श्रद्धानन्द सरीखे राष्ट्रपुरुष ने जन्म लिया। यद्यपि मुन्शीराम का आरम्भिक जीवन पिता के उच्चपदस्थ एवं धनसम्पन्न होने के कारण कुमार्गगामी हो गया था और शराब, मांस आदि के सेवन से अत्यधिक दुर्व्यसनी हो गया था, परन्तु शीघ्र ही उनके जीवन का सौभाग्य उदय हो गया। संयोग से महर्षि दयानन्द उस बरेली नगर में वेदप्रचार करने के लिए पहुंच गए जहां मुंशीराम के पिता नानकचन्द शहर कोतवाल थे और महर्षि के प्रवचनों के प्रबन्धक थे। जब नानकचन्द ने भव्य ऋषि के प्रवचन सुने तो उन्हें विश्वास हो गया कि मेरे पथभ्रष्ट पुत्र को ये ही सन्मार्ग पर ला सकते हैं और हुआ भी वहीं। ऋषि के व्याख्यान सुनकर मुन्शीराम महात्मा मुन्शीराम बन गए और जीवन में कुछ कर गुजरने का संकल्प कर लिया। उस दिव्य ऋषि के शिष्य ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। त्याग, तप और संयम की भट्ठी में स्वयं को ऐसा झोंका कि कुन्दन बनकर निकले। छत्तीस वर्ष की आयु में विधुर होने के बाद कठोर ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। राजा जनक की भांति निर्लिप्त भाव से गृहस्थ धर्म के उत्तरदायित्व को पूरा किया। शीघ्र ही स्वामी दयानन्द द्वारा बताए हुए सन्देश को कार्यान्वित करने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ करने हेतु संकल्प लिया और केवल छह महीने के समय में तीस हजार रुपये एकत्रित कर लिए जो आज के तीस करोड़ के बराबर थे। महात्मा मुंशीराम की पारखी बुद्धि में यह जान लिया था कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही वह सरणी है जिस पर चलकर इस देश का युवा स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मसमानी बनकर राष्ट्र की पराधीनता की



जंजीरों को काट सकता है तथा धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से पतनोन्मुख राष्ट्र को सन्मार्ग पर प्रशस्त कर सकता है। 'उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनां चिया विप्रो अजायत' इस वेदमन को मन में संजोकर 1902 में हरिद्वार के निकट कांगड़ी गांव में गंगा की दो धाराओं के मध्य गुरुकुल की स्थापना कर दी और सबसे पहले अपने दोनों पुत्रों हरिश्चन्द्र और इन्द्र को गुरुकुल में प्रविष्ट कर दिया। गुरुकुल कांगड़ी ने एक से बढ़कर एक विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक और वक्ता प्रदान किए। नारी शिक्षा के लिए भी महात्मा मुन्शीराम ने जालंधर में कन्या विद्यालय की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानन्द त्याग और तप की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति दान में दे दी। प्रेस और किले के आकार की भय कोठी को भी आर्य समाज को दे दिया। ऐसा सर्वमेध यज्ञ करने वाला कोई विरला ही होता है। अपने गुरु महर्षि दयानन्द के आदेश का स्वामी श्रद्धानन्द ने अक्षरशः पालन किया। संन्यास लेने के बाद स्वामी जी ने गुरुकुल को छोड़ दिया और दिल्ली में रहकर स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। महात्मा गांधी स्वामी जी को अपना बड़ा भाई मानते थे और उनके सम्मान में चरणस्पर्श करते थे। जलियांवाला निर्मम हत्याकांड के तुरन्त बाद अमृतसर में कांग्रेस का अधिवेशन स्वामी श्रद्धानन्द ने अपने बलबूते पर कराया और स्वयं स्वागताध्यक्ष बने तथा अपने स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का परिचय देते हुए हिंदी में भाषण दिया। रोलेट एक्ट के विरोध में बड़े भारी जुलूस का नेतृत्व करते हुए दिल्ली के चादनी चौक के घंटाघर के पास जब गोरे सिपाहियों ने संगीनें तान दी तो निर्भीक स्वामी जी ने अपनी छाती अड़ा दी। 'हिम्मत है तो चलाओ गोली' तब स्वामी श्रद्धानन्द की हुंकार सुनकर गोरों की संगीनें झुक गईं। स्वामी श्रद्धानन्द की निर्भीकता, निष्पक्षता और मानवता को देखकर ही मौलाना अब्दुल्ला चुड़ीवाले ने जामा मस्जिद में भाषण देने के लिए आमन्त्रित किया और स्वामी जी ने जामा मस्जिद के दिम्बर पर खड़े होकर वेदमन्त्रों का उच्चारण करते हुए एक घंटे का भाषण दिया और उसके दो दिन बाद फतहपुरी मस्जिद में भी स्वामी जी का भाषण हुआ। स्वामी जी ही एक मात्र ऐसे हिन्दू नेता थे जिन्होंने मस्जिद में भाषण दिया भाई-चारे का सन्देश दिया। स्वामी जी के शुद्धि आन्दोलन बहुत जोर-शोर से चलाया और जो स्वेच्छा से हिन्दु बनना चाहते थे उन्हें स्वामी जी शुद्ध करके हिन्दु (आर्य) बना देते थे।:

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-

कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बुढ़ापे में मिले सरकारी संरक्षण**

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 फीसदी होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। इनसान ही नहीं, बल्कि अन्य प्राणियों पर भी एक समय बाद बुढ़ापा आता है। इनसान को प्राणी जाति में सबसे ज्यादा समझदार प्राणी समझा जाता है, क्योंकि अच्छे-बुरे सोचने की क्षमता सबसे ज्यादा प्राणी जाति में ही होती है।

- विकास शर्मा, महासमुंद

### करंट अफेयर

## कनाडा गाजा के नागरिकों को अस्थाई वीजा देगा

कनाडा ने गाजा पट्टी के उन लोगों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की है जिनके रिश्तेदार कनाडा में रहते हैं। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बृहस्पतिवार रात इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है। हालांकि संघीय सरकार ने युद्धग्रस्त क्षेत्र से नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कोई आश्वासन नहीं दिया है। आव्रजन मंत्री मिलर ने कहा कि सरकार का ध्यान 660 कनाडाई नागरिकों, स्थाई निवासियों और उनके जीवनसाथियों तथा बच्चों को गाजा से बाहर निकालने पर है।



### ऑफ बीट

## मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है।



न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं।

### ट्रेंड

**असुरक्षा का सामना**

यूक्रेन में लाखों लोग बढ़ते भय और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, क्योंकि युद्ध जारी है और सर्दियों की स्थिति शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र और साझेदारों का लक्ष्य आने वाले महीनों में 1.7 मिलियन लोगों तक महत्वपूर्ण आपूर्ति पहुंचाना है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



**गाजा में भयानक संकट**

मैं उन मौकों की गिनती भूल गया हूं जब मैंने सोचा था कि गाजा में संकट इससे भयावह नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा फिर से हुआ है। हम 3 महीनों में 20,000 लोगों के मारे जाने की बात कर रहे हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं शामिल हैं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक



**खुशी फैलाता जीवन**

तितली का जीवनकाल केवल कुछ दिनों से लेकर एक सप्ताह तक का होता है। फिर भी यह कितने आनंद से इधर-उधर उड़ता है! यह हर किसी में खुशी और प्रसन्नता फैलाता है। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए।

-माता अमृतानंदमयी, आध्यात्मिक गुरु



**ग्रामीण भारत बहुत सुंदर**

ग्रामीण भारत बहुत सुंदर है, माता-पिता के रूप में, हमें प्रौद्योगिकी से दूर रहना बहुत कठिन लगता है, इसलिए हम अपने बच्चों के लिए मिसाल कायम कर रहे हैं। बच्चों को ग्रामीण जीवन से परिचित कराने के लिए उदयपुर के अडिंगा गाँव का दौरा किया।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री



## संक्षेप

### ऐतिहासिक पांच दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत न्योरी जलालपुर में विगत 101 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ प्रथम दिवस उत्तर भारत के सुविख्यात कलाकारों के द्वारा मंच के माध्यम से नारद मोह रावण दिग्विजय लीला का सचित्र वर्णन किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में वेद मंत्रों के द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का वैदिक पूजन संपन्न हुआ वही संपूर्ण रात्रि गीत संगीत से ओतप्रोत मार्मिक लीला का दिग्दर्शन भक्तगण करते रहे ।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु समय सारिणी हुई संशोधित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्ग ( अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर ) के छात्र-छात्राओं के लिए जारी नवीन समय सारिणी के अनुसार छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी 2024 निर्धारित है। निर्धारित समयसारिणी के अनुसार विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही 01 जनवरी 2024, विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेन्सी/ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन करने का कार्य 10 जनवरी 2024 तथा विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने का कार्य 19 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना है।

### अपराधी सुधरे नहीं तो सलाखें तैयार: सीओ कैसरगंज

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। नव आगंतुक पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी कैसरगंज ने सख्त लहजे में लोगों को हिदायत दिया है कि अपराधी सुधरे नहीं तो उनके लिए सलाखें तैयार हैं। किसी भी सूरत में गोकशी नहीं होने दी जाएगी। गरीब परेशान व्यक्तियों को शीघ्र न्याय मिलेगा। किसी भी व्यक्ति को डरने की कोई जरूरत नहीं है। पुलिस हमेशा उनकी मदद के लिए तैयार है। अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार के मनसा के हिसाब से काम करने का दायित्व निभाया जाएगा। नाजायज जितने भी काम है उनको किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से की गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण की शिकायत

**सडक निर्माण में मिली थी काफी अनियमितताएं, चौड़ाई भी कम मिली**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। सड़क निर्माण में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत विधायक ने मुख्यमंत्री से की है। जिससे लोगों को सड़क निर्माण में गुणवत्ता पूर्वक बनने की उम्मीद जगी है। बलहा विधायक सरोज सोनकर ने मुख्यमंत्री से पीडब्ल्यूडी द्वारा निमार्णाधीन सडक के निर्माण में घोर अनियमितताओं की जांच की मांग की है। बलहा विधानसभा के ग्राम मधवापुर में पीडब्ल्यूडी के द्वारा 1.30 करोड से जमुनापुर सम्पर्क मार्ग सडक का नव निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसमें जमकर मानक विहीन सामग्री का प्रयोग किया गया है। ग्रामीण कार्यकताओं द्वारा बार बार घटिया सडक निर्माण की बात कही जा रही थी। जिस पर बलहा विधायक सरोज सोनकर ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार को फोन कर ग्रामीणों की शिकायत पर सडक निर्माण की जांचकर सडक के निर्माण में हो रही अनियमितताओं को दूर कराने तथा गुणवत्ता पूर्ण सडक का निर्माण कराने को कहा। लेकिन अधिशासी अभियंता ने विधायक की बातों को अनसुना करते हुए घटिया सडक निर्माण जारी रखा। पुनः भारी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकताओं ने विधायक को बताया कि सडक निर्माण में कोई सुधार नही किया जा रहा है। जिस पर बलहा विधायक ने फोन कर अधिशासी अभियंता को मौके पर बुलाया लेकिन अधिशासी अभियंता और ठेकेदार मौके पर नही गये। विधायक ने प्रतिनिधि को भेजकर सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों के सामने पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता/अवर अभियंता से सडक की गुणवत्ता की जांच करायी जांच में सडक निर्माण कार्य में पत्थर में काफी मात्रा में बालू मिट्टी मिली पायी गयी तथा सडक की चौड़ाई कम मिली और सडक निर्माण में प्रयोग पत्थर बहुत ही घटिया किस्म का मिला जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने सड़क निर्माण में प्रयोग की गयी घटिया सामग्री मिट्टी बालू को हटाकर पत्थर डस्ट डालकर सडक निर्माण कराने का आदेश विभागीय अधिकारियों को दिया। विधायक ने पूरी स्थिति को मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए सडक की गुणवत्ता जांच कराने की मांग की है।

# भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने का संकल्प है वीर बाल दिवस

अमन लेखनी समाचार



पयागपुर, बहराइच। विशेश्वरगंज के श्रीनंद इंटर कालेज वीर बाल दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित युवा भाजपा नेता पयागपुर निशंक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा, वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। ये उस महान विरासत का पर्व है। देश आज वीर बाल दिवस मना रहा है। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ल, किसान जिला उपाध्यक्ष आनंद पांडेय, प्रधानाचार्य सर्वेश पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजारिया में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में शिरकत की। सभी उपस्थित बच्चो को कॉपी, पेन सहित पेंसिल वितरित किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विशेश्वरगंज संजीव तिवारी, धन लाल पांडेय सहित ग्राम प्रधान व सम्मानित गण लोग मौजूद रहे।

# स्कूल की वैन में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक समेत कई छात्र घायल

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोहरे के चलते हुआ बडा हादसा अज्ञात वाहन ने स्कूल वाहन मे जोरदार टक्कर मार दी जिससे चालक समेत 9 छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को सी एच सी में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सक ने चालक व 4 छात्रो की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया गया कस्बा स्थित एक प्राईवेट स्कूल की वैन जो चमियानी व सिंहपुर के बच्चो को लेकर विधालय जा रही थी जहाँ घने कोहरे के, अज्ञात वाहन ने स्कूल वैन में जोरदार टक्कर मार दी मारी दी जिससे सानवी 5 वर्ष पुत्री सोनू जैनिश 7 वर्ष पुत्र रजनेश कुमार, सोमैया 8वर्ष पुत्री आकाश सुरीतिना 15 वर्ष पुत्री आकाश पटेल को मामुली चोटे होने के कारण प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया जबकि कृष्णा निर्मल पुत्र राकेश 12वर्ष , लक्ष्य पुत्र रामशंकर 14 वर्ष , अक्षत पुत्र सोनू कुमार 7 वर्ष , मधुर पुत्र महेन्द्र गुप्ता 15 वर्ष चालक दीपक पुत्र बहादुर 25 वर्ष की गम्भीर हालत देखते चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एस डी एम व सीओ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच कर घायलों का हालचाल लिया।

# नवाबगंज के ग्राम पंचायत सोरहिया पहुंची संकल्प यात्रा

**सांसद ने हाथ उठवाकर विकसित भारत बनाने का दिलाया संकल्प**

**संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी**

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम पंचायत सोरहिया के पंचायत भवन प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोरहिया एवम सुजौली के लोग संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की भव्य शुरूआत की गई। कार्यक्रम आयोजक प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा ने अतिथियों को बुके व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात परिषदीय स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम में स्वास्थ्य, बिजली, कृषि, जल जीवन मिशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, पंचायत सहित कई विभागों के प्रमुख कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों द्वारा पंडाल भी लगाए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सम्बंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गौड़ वहीं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा शिवसागर गौतम रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री गौड़ ने सभी को हाथ उठवाकर विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके खंड विकास अधिकारी नवाबगंज डॉ राहुल पाण्डेय, सीएचसी अधीक्षक चरदा डॉ आर एन वर्मा सहित बिजय तिवारी, आशीष पाण्डेय, शिवपूजन सिंह, दिनेश त्रिपाठी, ललित त्रिपाठी, शिवराज सिंह, भीमसेन मिश्रा, बिजय सिंह, पहलाद वर्मा, देवेंद्र पाठक, डॉ रतन अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल फैक्ट्री कर्मी की इलाज के दौरान मौत

**परिजनो ने फैक्ट्री गेट पर किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गोकुल खेड़ा गांव के रहने वाले 65 वर्षीय लल्लू बीते 12 दिसंबर को दही चौकी स्थित औद्योगिक एरिया की एक केमिकल फैक्ट्री मे साइकिल से काम करने जा रहे थे। इस दरम्यान किसी अज्ञात वाहन की टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तबसे उनका उपचार लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इलाज में किसी प्रकार का फैक्ट्री द्वारा सहयोग न मिलने से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने फैक्ट्री गेट पर पहुंचकर हंगामा किया तो इसकी सूचना तत्काल फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने मृतक के परिजन को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और फैक्ट्री प्रबंधन से बात कराई। जिसमें फैक्ट्री प्रबंधन ने दो लाख इलाज और डेढ़ लाख ग्रेजुएटी देने की बात कही है लेकिन स्वजन 6 लख रुपए की मांग पर अड़े हैं फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता के दौरान मृतक के बेटे गुड्डू और मिथलेश मौजूद हैं घटना से आहत पत्नी राजेश्वरी सहित स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है / 1.36 लाख पीएफ दो लाख की चेक दस हजार रुपए अंतिम संस्कार के लिए दिए। जिस पर मामला शांत हुआ।

## स्वच्छ रूपईडीहा, स्वस्थ रूपईडीहा के संकल्प को पूरा करने के लिए माँगा सुझाव

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य ने अपने संकल्प में सभी नगर वासियों के सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा की हमारे सफाई कर्मी रोजाना सुबह 5 बजे से सभी वार्डो में सफाई का कार्य एक मिशन के रूप में करते है। नालियों और सड़कों की सफाई, जगह जगह बड़े बड़े और छोटे जानवरो के मृत शरीर को यथोचित स्थानों पर पहुंचाने जैसे कार्य करते है जो विगत में कई वर्षो से इस नगर पचायत में स्वप्न की तरह था। लेकिन कुछ नागरिक नगर को साफ सुथरा रखने के बजाय गंदा करने में आनद की अनुभूत करते है। उन्होंने सभी नगर पंचायत को अपना सुझाव देने की अपील की कि कैसे नगर को स्वच्छ और अतिक्रमण से मुक्त किया जा सके।

## ऐरा चीनी मिल जा रहा गन्ना लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर बाल बाल बचा



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। ऐरा चीनी मील गन्ना लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया ड्राइवर बाल बाल बच गया वरना बड़ा हादसा हो जाता। सेमरी घटही धरमपुर से गन्ना लादकर ट्रक यूपी 22 एटी 4594 लखीमपुर खीरी की ऐरा चीनी मिल को जा रहा था। इस दौरान उर्रा बीएसएनएल एक्सचेंज के पास अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रक का ड्राइवर खालिद निवासी सिसैय्या ट्रक के भीतर फंस गया। राहगीरों की मदद से? घायल ड्राइवर को निकाल कर एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भेजा गया है जहां पर ड्राइवर का इलाज किया जा रहा है।

## दुर्लभ कस्तूरी नाभी के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी व वन विभाग की संयुक्त टीम ने चारपहिया वाहन से एक दुर्लभ कस्तूरी नाभी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट अनिल यादव ने बताया कि एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक, संतोष कुमार विस्वास, मुख्य आरक्षी फागू सा, आरक्षी अरुण कुमार महतो, मनोहर कुमार, पीयूष कुमार, आरक्षी महिला सत्यवती, रानी कुमारी तथा फॉरेस्ट डिपार्मेंट से डिप्टी रेंजर विनय कुमार, फॉरेस्टर मो० अरशद खान, फॉरेस्ट गार्ड अनंत राम के द्वारा चेकिंग के दौरान टोयोटा इनोवा कार यूपी 47 ई 0729 से एक कस्तूरी नाभी 70 ग्राम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान मो० सादिक उम्र 37 वर्ष पिता मो० असलम



निवासी अंधियारी बाग गुरुद्वारा पानी टंकी जनपद बलरामपुर के रूप में हुई है। अभियुक्त सहित बरामद एक कस्तूरी नाभी, टोयोटा इनोवा कार को आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही हेतु फॉरेस्ट ऑफिस रूपईडीहा के सुपुर्द किया गया।

## सिलेंडर में लगी आग, पत्रकार की सूझ-बूझ से टला बड़ा हादसा



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। बहराइच नगर कोतवाली इलाके के जोशियापुरा मुहल्ले के एक घर मे खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लगी तो सिलेंडर से उठती आग की लपटो कों देखकर आसपास अफरा-तफरी मच गया। इसी बीच मौके पर पहुचे समाजसेवी / पत्रकार ने पाया कि सैकड़ों की भीड़ एकत्रित बन तमाशा देख रही थी। सूचना पर खबर संकलन हेतु दैनिक जागरण पत्रकार संतोष श्रीवास्तव व छायाकार अरुण दीक्षित ने साहस का परिचय देते हुए आग लगे सिलेंडर को बाहर निकालकर उसे अपनी सूझ-बूझ से बुझाने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इसी बीच पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसकी हर तरह वाहवाही हो रही है।

**निर्देश** — हाईकोर्ट की डबल बेंच ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों के इस्तीफे पर 4 सप्ताह में विचार के दिए निर्देश

# करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध बगावत का मामला

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में करौंदीकला ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध बगावत का मामला हाईकोर्ट में पहुंच गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की ओर से दायर याचिका को संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने चार सप्ताह के भीतर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के इस्तीफे पर विचार करने का प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया है। वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश मिश्रा का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख द्वारा कराए गए विकास कार्य में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। हम हर प्रकार की जांच को तैयार हैं। 24 नवंबर को करौंदीकला में सदन की बैठक में अधिकारियों द्वारा विकास कार्यों का ब्योरा दिया जा रहा था कि हंगामा हो गया था। नारेबाजी, धमकी सब कुछ देखने को मिली थी। अंत में सामूहिक रूप से महिला-पुरुष समेत कुल 37 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था। खंड विकास अधिकारी करौंदीकलां ज्ञानेंद्र मिश्रा ने सामूहिक इस्तीफे को स्वीकार करते हुए रिसीविंग कॉपी पर मुहर लगाकर दे दिया था। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सात सूत्रीय सामूहिक त्याग पत्र खंड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख को सौंपते हुए आरोप लगाया था कि ब्लॉक प्रमुख ने मनमाने तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए प्रस्ताव पारित करके मानक विरुद्ध एवं नियम विरुद्ध कार्य कराया है। बैठक नहीं करने और न ही क्षेत्र पंचायत सदस्य से प्रस्ताव लेने की बात सामने भी सामने आई थी। आरोप ये भी लगा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और अमर्यादित तरीके से आवरण किया जाता है। मनमाने तरीके से समितियां बनाई गई हैं जिसको आज तक सदन को अवगत नहीं कराया गया। क्षेत्र पंचायत के धन का अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपयोग कराते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमन गौतम का आरोप था कि ढाई साल में जो काम आता है तो हम लोगों को कुछ पता नहीं चलता है। बिना हमारी साइन के यह पैसा निकाल लेते हैं। मामला तूल पकड़ा, जिले के अधिकारियों तक बात पहुंची लेकिन जब क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सुनवाई यहां भी नहीं हुई तो बागी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अपना इस्तीफा कोर्ट को सौंप दिया। मामले को संज्ञान लेते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार एवं न्यायमूर्ति विवेक चौधरी की डबल बेंच ने सुनवाई करते हुए खंड विकास अधिकारी करौंदीकला को नामित कर चार सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों के इस्तीफे पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। याचिका पक्ष के तरफ से विद्वान अधिवक्ता अनिल कुमार यादव ने अपना पक्ष रखा।

# अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर जनपद में लगातार अपराध के खिलाफ पुलिस एक से एक बढ़कर अपराधियों को गिरफ्तार कर अपराध को खत्म करने का काम कर रही है उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर व अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को एक तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी सहित उपनिरीक्षक धीरेंद्र पाडेय, कांस्टेबल शिवम यादव, वेदप्रकाश, धनजंय ने तौरा मार्ग ग्राम गौती के समीप से हिरन उर्फ दरोगा सिंह पुत्र गुलाब सिंह को एक देसी तमंचा 315 बोर व 315 बोर के जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर फतेहपुर जनपद सहित कई जनपदों के थानों में बिभिन्न मामले दर्ज है, अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# संक्षेप

## गैंगेस्टर की संपत्ति जब्त करने की मांग सीएम से शिकायत

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रधुनाथपुर के प्रधान पुत्र मिथिलेश गुप्ता ने गांव में साजिश कर अपराध करने वाले गैगेस्टर के अभियुक्त की संपत्ति जब्त करने के लिए सीएम से शिकायत कर कारवाई कराने की मांग किया है। आरोप लगाया है की गांव के राजेश उर्फ पप्पू शुक्ल का अपराधिक इतिहास रहा है। प्रधानी का चुनाव हारने के बाद उनके द्वारा लगातार साजिश की जा रही है। और गांव की प्रधान दुर्गावती पर साजिश कर बदमाशो से हत्या की नियत से गोली चलवाया गया था। जिसमे वह घायल हो गई थी। बाप,बेटे इस घटना में जेल जा चुके थे। जो हाईकोर्ट से जमानत लेकर बाहर है। और लगातार साजिश करने में लिप्त है। प्रशासन द्वारा गैगेस्टर की करवाई की गई है। लेकिन प्रशासन ने कुछ ही संपत्तियो को जब्त किया है। बहुत सी संपत्तियो को अवैध तरीके से अर्जित की गई है। जिसकी जांच कराकर शेष बची संपत्ति को भी जब्त कराया जाय।इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की शेष संपत्ति चिन्हित करने के लिए राजस्व निरीक्षण को निर्देश किया गया है। रिपोर्ट जल्द भेजी जायेगी।

## आकाशीय बिजली से बचाव के लिए दामिनी ऐप्प का प्रयोग करें

अमेठी। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज मे चल रहे आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवम जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों को जनपद अमेठी मे घटित होने वाली प्रमुख आपदाओं सर्पदंश, डूबकर होने वाली मृत्यु की घटनाओ, सड़क दुर्घटना, अग्निकांड एवम आकाशीय बिजली अर्थात वज्रपात के बारे मे मास्टर ट्रेनर जनार्दन मिश्र एवम आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया कि वर्षा के समय पेड़ के नीचे तथा किसी भी जल स्रोत के पास नहीं खड़े हो क्योंकि इन स्थानों पर आकाशीय बिजली अधिकांशतः गिरती हैं, जिसके प्रभाव से मनुष्य या पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है। आकाशीय बिजली के पूर्व चेतावनी एप दामिनी के प्रयोग के बारे मे बताया गया तथा प्रतिभागियों के मोबाइल मे डाउनलोड कराते हुए उसके प्रयोग की विधि भी बताई गई, इसके अतिरिक्त अपेक्षा की गई कि प्रतिभागी दामिनी एप का प्रचार प्रसार करने मे सहयोग प्रदान करेंगे। सत्र के दौरान सर्पदंश की घटना होने पर किये जाने वाले प्राथमिक प्रतिक्रिया एवम उपचार के बारे मे विडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

## बुलंदशहर में ड्रोन से की जा रही खेती

बुलंदशहर, बुलंदशहर में तहसील क्षेत्र में किसानों को ड्रोन की मदद से खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के गांव धनियावली के प्रगतिशील किसान मुनीत चौधरी ने अपनी फसलों में प्रथम बार ब्लॉक स्तरीय योजना के तहत ड्रोन के माध्यम से उर्वरक का छिड़काव किया।

# 6 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज 35वें दिन जनपद के 06 विकास खंडों की 12 ग्राम पंचायतों क्रमशः बाबूपुर सरैया, बढ़ौली, धीरापुर, रामगंज, मढ़ौली, जरौटा, भरेथा, कमा2024सिन, भोंए, गोगमऊ, चिलबिली व अफुइया में किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया, जिसे 26 जनवरी, 2024 तक जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से संचालित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

# अर्जक संघ गोरखपुर के तत्वावधान में मनाया गया विवेक दिवस

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। अर्जक संघ गोरखपुर के तत्वाधान में सोमवार को कुई बाजार में बहुजन नायकों डॉ आंबेडकर, संत गाडगे और पेरियार ईवी रामास्वामी नायकर के परिनिर्वाण दिवस को विवेक दिवस के रूप में मनाया गया ।कार्यक्रम की सुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उपस्थित लोगो को ओमप्रकाश निषाद अर्जक द्वारा संबिधान की प्रस्तावना की सपथ दिलाने के साथ की गई कछार क्षेत्र स्थित कूई बाजार स्थित अशोक यादव 'बौद्ध 'के आवास पर डाक्टर भीम राव अम्बेडकर, संत गाडगे और पेरियार ई. वी. रामास्वामी नायकर के परिनिर्वाण दिवस को सफलपुर्बक मनाया गया । समारोह के अध्यक्ष मक्खन लाल निषाद, मुख्य अतिथि डाक्टर, आर. पी. यादव, जनता पी. जी. कालेज रानीपुर जिला मऊ के प्राचार्य, माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड इलाहाबाद रहे । बिशिष्ट अतिथि विश्राम निषाद पूर्ब अध्यापक तथा मुख्य वक्ता दिलीप कुमार 'सुमन ' ने महापुरुषों के बयक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुरारी लाल मौर्य, आकाश पासवान, जितेन्दर पासवान, बिश्राम निषाद,प्रमोद कुमार 'अर्जन 'तथा अर्जक संघ के जिलाध्यक्ष, ओमप्रकाश निषाद ने,अर्जक संघ के बिषय मे बिस्तृत जानकारी दी। कवि वनवारी सिंह'आजाद 'ने अपने गीतों व भाषणों के माध्यम से महापुरुषों के बारे मे जानकारी दी । समारोह का संचालन डाक्टर राजेंद्र कुमार निषाद झंगहा ने किया । कार्यक्रम में सैकड़ो महिला - पुरुष की उपस्थिति रही, अंत में अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम समापन की घोषणा की गयी

# पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा अकटहिया अमृत सरोवर

**27 लाख लागत से हो रहा विकास कार्य**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत गंगटही टोला मदरिया में स्थित अकटहिया पोखरे को अमृत सरोवर रूप में विकसित किया जा रहा है। जो क्षेत्र के लोगो के लिए एक मिशाल साबित होने जा रहा है। वर्तमान समय में कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। देखा जाय तो दक्षिणांचल का ही नही पूरे विकास खंड में यह अमृत सरोवर मिशाल होगा। करीब ढाई एकड़ में फैले पोखरे के चारो तरफ से चारदीवारी का कार्य पूर्ण हो चुका है। पोखरे के चारो तरफ करीब 295 मीटर का इंटर लाकिंग का कार्य कराया गया है। पोखरे के सिल्ट में 65 मीटर तक की सीढ़ी का निर्माण हो चुका है। पोखरे के दो तरफ से जल संरक्षण के लिए पुलिया का निर्माण कराया गया है। शेष कार्य प्रगति पर है। रंगाई पुताई के बाद अमृत सरोवर एक आकर्षण का केंद्र होगा। जो जल्द ही क्षेत्र के लोग इसका लुफ्त उठायेगे। वही प्रधान पति विजय कुमार पांडेय ने कहा की अमृत सरोवर पोखरे को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का जिम्मा उठाया है। जो जल्द क्षेत्र के लोगो को सौगात मिलने जा रही है। 27 लाख लागत में विकास कार्य चल रहा है।



# बी कॉम तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को किया गया स्मार्ट फोन वितरण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सेंट एंड्रयूज कॉलेज गोरखपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्ति करण योजना के अंतर्गत मंगलवार को बी कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि



प्राचार्या प्रो आर एन सैमुअल के हाथो से स्मार्टफोन पा कर विद्यार्थियों को काफी खुशी मिली। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में स्मार्टफोन का उपयोग काफी मददगार साबित होगा।इस अवसर पर महाविद्यालय के स्मार्टफोन वितरण के नोडल अधिकारी डॉ जे पी यादव तथा श्री फैजान जावेद एवम सुनील खरवार सहित कॉमर्स तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की उपस्थित रही।

# आईजीआरएस निस्तारण में सहजनवा तहसील प्रदेश में दूसरी बार रहा टाप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आईजीआरएस निस्तारण के मामले में प्रदेश में सहजनवा और चौरीचौरा तहसील टाप रहा है। दोनो तहसील को 30 अंक मिले थे। जब की दूसरी बार सहजनवा तहसील प्रदेश में आईजीआरएस निस्तारण के मामले में टाप आया है। इसमें सबसे पहले इस बात का ध्यान रखा गया है की फरियादी ने जो शिकायत दर्ज कराया है। उसको लेखपाल को जांच कराकर रिपोर्ट मांगी गई थी। इसके बाद देखा गया की शिकायत का निस्तारण समय से हुआ है की नहीं। निस्तारण के बाद देखा गया की फरियादी इससे संतुष्ट है की नही। जो निस्तारण कराया गया है उसे पढ़ कर उच्चाधिकारी संतुष्ट हुए की नही। यहा एक माह में 66 शिकायत जिसे निस्तारण कराने में सप्ताह भर का समय लगा था। छः माह में 211 मामले आए थे।जिसे समय से निस्तारण करा दिया गया था। निस्तारण रिपोर्ट पढ़ने के बाद 19 उच्चाधिकारियों ने फीड बैक दिया था। अगस्त माह 2023 में भी सहजनवा तहसील टाप रहा था।

# डिजिटल सखी परियोजना की मासिक बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में एलएनटी फाइनेंस द्वारा वित्त पोषित एवं बाएफ लाइवलीहुड्स संस्था द्वारा संचालित परियोजना डिजिटल सखी परियोजना की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें ज्वाइंट प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर पुर्णिमा सिंह ने संबोधित करते हुये कहा की इस परियोजना के तहत गाँव में डिजिटल सखी के दौरान 300-400 ग्राम पंचायत में 5 लाख लाभार्थियों का व्यापक डिजिटल एवं वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना ग्रामीण महिला सूची उद्यमी महिलाओं को सशक्त बनाना और उनकी आजीविका में सुधार करना ।अभिसरण के माध्यम से 5 लाख लाभार्थियों के बीच मौजूदा और नई सामाजिक विकास सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताना और उसके लिए जागरूकता पैदा करना। परियोजना प्रबंधक अखिलेश्वर कुमार द्वारा यह बताया गया कि यह परियोजना गोरखपुर जिले के पांच विकासखंड में जो क्रमशः उरुवा,पिपराइच सरदार नगर, गोला, सहजनवा, के सभी 20-20 ग्राम पंचायत में यह परियोजना निरंतर कार्य कर रही है ।तथा बायफ संस्था एवं एलएनटी फाइनेंशियल सर्विसेज के बारे में जानकारी दी। अंत में जॉइंट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर उरूवा ब्लाक से आशीष पाठक जी के द्वारा परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी । इस दौरान प्रधान पुत्र मिथिलेश गुप्ता सहित अनेक डिजिटल सखिया मौजूद थी।

# जमीन पर अवैध कब्जा होने पर महिला बैठी आमरण अनशन पर

**एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लगायी न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर। सरकारी जमीन के साथ-साथ किसान की जमीन पर भी दबंगों द्वारा किये गये अवैध कब्जे के खिलाफ आज पीड़ित परिवार घण्टाघर मैदान पर आमरण अनशन पर बैठ गया। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजते हुये कार्यवाही की गुहार लगायी है। थाना बार क्षेत्र के ग्राम वस्तगुवां निवासी शान्ति पत्नी स्व. भूपत ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसकी आराजी संख्या 670 रकवा 18 डिस्मिल गांव में स्थित है। बताया कि इस जमीन पर गांव के दबंग लोगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने के बाद दबंगों द्वारा उसके खेत में बऊनी कर ली। अवैध कब्जा करने पर जब पीड़िता द्वारा विरोध किया गया तो उक्त लोगों द्वारा गाली-गलौज करते हुये मारपीट पर आमादा हो गये। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंग गांव सभा की कई एकड़ जमीन पर भी अवैध रूप से कब्जा किये हुये हैं, जिससे शासन को राजस्व की हानि भी हो रही है। पीड़ित ने उसे व उसके परिवार को जानमाल का खतरा बताते हुये पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है। पीड़िता ने बताया कि इसके पहले उसने 18 दिसम्बर को भी पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा था, जिस पर कार्यवाही न होने से क्षुब्ध होकर आज वह आमरण अनशन पर बैठ कार्यवाही की मांग की।

# गुरुद्वारा कमेटी द्वारा जनप्रतिनिधियों का किया गया स्वागत



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा क्षेत्र स्थित के कसरवल के पास गुरुद्वारे पर प्रबंध कमेटी के सदस्यो क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों का फूलमालाओं से लाद कर स्वागत किया गया। मंगलवार को प्रधानमंत्री के निर्देश पर गुरुद्वारे पर पहुंचे क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को कार सेवा भूरी वाले अमृतसर जत्थे बाबा कश्मीरी सिंह व भूरी वाले बाबा सुखविंदर सिंह,बाबा गुरविंदर सिंह,सेवादार बाबा गुरवंत सिंह द्वारा विधायक प्रदीप शुक्ल,जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह,पूर्व विधायक देव नारायण उर्फ जीएम सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष बंशी यादव का फूलमालाओं से लाद कर स्वागत किया।इस दौरान गुरुद्वारा प्रभारी बृजपाल सिंह,प्रधान गंगा प्रसाद,प्रमोद राय,विजय कुमार,नरेंद्र शुक्ल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सहजनवा ने नंदापार को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नंदापार में बैडमिंटन युगल स्पर्धा प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चिरई क्लब सहजनवा ने नंदापार को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। सोमवार को खेले गए मैच में चिरई क्लब सहजनवा के वरुण और देवेंद्र की जोड़ी ने गोलू रेटिस क्लब नंदापार के अमन और रितेश को लगातार दो सेटों में 21..14 व 21..18 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में आयरन मैन क्लब सहजनवा तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ.स्वेतांक सिंह ने कहा कि जिस तरह से ग्रामीण स्तर पर इस तरह का आयोजन हुआ इससे इस क्षेत्र के युवाओ के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि मंगल सिंह ने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है। इस दौरान साधू प्रसाद, पिंटू सिंह, अविनाश सिंह, नागेंद्र राम त्रिपाठी, नंदन सिंह, अनिल यादव प्रधान, राणा प्रताप तिवारी,पवन सिंह, ईश्वर जायसवाल,चंदन सिंह, सूरज सिंह,मनीष मर्दा,देवेंद्र वर्मा,पिंटू यादव,जय सिंह,वरुण गुप्ता,आर बी सिंह,प्रदीप गुप्ता,मनोज त्रिपाठी,सुनील, अंबिका गौड़ ,सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

# भजन ही सार है बांकी सब बेकार :आचार्य विष्णु गोस्वामी

**कस्बे में चल रही श्री मदभागवत कथा को सुनकर हुए भक्त मंत्रमुग्ध**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर के बिंदकी नगर के बैलाही बाजार स्थित मूला देवी पार्क मे श्री बालाजी सेवा न्यास के तत्वाधान मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को व्यासपीठ से कथावाचक आचार्य विष्णु गोस्वामी जी महाराज ने परीक्षित जन्म प्रवचन,श्री शुकदेव जी का आगमन, विदुर मैत्रेय संवाद,कपिल देवहुति संवाद,ध्रुव चरित्र के प्रसंग का विस्तार से व्याख्यान किया।महाराज श्री ने कहा कि शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। शुकदेव का जन्म विचित्र तरीके से हुआ था। कहते हैं बारह वर्ष तक मां के गर्भ में शुकदेव जी रहे। वहीं श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ था। आचार्य ने कहा जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है,प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है वो पशु के समान होता है।अगर कल्याण चाहते हैं तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हरी भजों,भगवान का भजन का भजन ही सार है बांकी सब बेकार है।मुख्य यजमान परीक्षित सीमा गुप्ता पत्नी रमेश गुप्ता सहित लक्ष्मीचंद्र मोना ओमर,अनूप गुप्ता,दयालू गुप्ता,राघव ओमर,अंशुल गुप्ता,अनुपम ओमर,अनूप अग्रवाल,विमलेश ओमर,ऋतिक ओमर आदि रहे।

# पूर्व विधायक की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत





अमन लेखनी समाचार

अमेठी। विधानसभा गौरीगंज की विकास खंड शाहगढ़ की ग्राम पंचायत सेवई व इबादुल्ला में विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार व मंगलवार दोपहर को पहुंची, जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी जी रहे। इसके बाद संकल्प यात्रा ग्राम सभा इबादुल्ला व ग्राम पंचायत चिलबिली एवं ग्राम पंचायत अफोइया पहुंची। जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लेकर 14 विभागों के स्टाल पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई, कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड और आयुष्मान कार्ड धारकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रधानमंत्री के संदेश को सुनाते हुए पंचप्रण की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ,पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, खंड विकास अधिकारी शाहगंढ व अमेठी जनपद के समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं मौजूद रहे।

# खुलेआम अश्लील हरकत करती पकड़ी गई महिला, लगा रही पति समेत परिजनों पर आरोप

**पीड़ित पति के द्वारा न्यायालय में पूर्व में दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर बचाव के लिए पत्नी लगा रही दहेज प्रथा का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के थाना जहानाबाद कस्बे अंतर्गत अरगल बेहनौटा मोहल्ले निवासी शब्बीर पुत्र शहीद दूसरे प्रांत सूरत में मजदूरी करके अपने पांच बच्चों समेत पत्नी खुशीर्दा का जीवन यापन करता था जहां पीड़ित पति ने बताया कि उसके ना रहने पर पत्नी के नाजायज संबंध मोहल्ले के एक लड़के रवींद्र पुत्र रामबाबू से हो गए जहां रवींद्र का घर में आना-जाना बना रहा तथा बच्चों के सामने ही निरंतर अश्लील कार्य दुराचार दोनों की सहमति से किए जाते थे जिसे देख बड़ी बेटी 13 वर्षीय शिफा पुत्री शब्बीर ने फोन पर अपने पिता को पूरी दास्तान बताई यह सुनकर पीड़ित नौकरी छोड़ वापस जहानाबाद कस्बे आ गया पति के आ जाने के बाद भी पत्नी ने अपने नाजायज संबंध बनाना नहीं छोड़ा जहां एक दिवस स्वयं पति शब्बीर ने मोहल्ले के लड़के रवींद्र तथा अपनी पत्नी खुशीर्दा को बिस्तर पर अर्ध नग्न अवस्था में देख लिया जिस पर दोनों ने पति शब्बीर को शांत न रहने पर जान से मारने की धमकी दी और पत्नी अपने मायके चली गई पीड़ित ने ससुराली जनों को भी सूचना दी जहां ससुराल पक्ष ने भी महिला का साथ देते हुए पीड़ित को प्रताड़ना देना प्रारंभ कर दिया वही पीड़ित ने नजदीकी थाना समेत अनेक जगह न्याय की गुहार लगाई जहां न्याय न मिलता देख पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लेकर धारा 156 / 3 सीआरपीसी का मुकदमा पंजीकृत कराया जिसकी विवेचना भी स्थानीय थाना जहानाबाद को अनुमानतः भेजी जा चुकी है वही यह जानकारी जैसे ही पत्नी खुशीर्दा को मिली तो उसने अपने बचाव के लिए झूठा आरोप लगाते हुए पति शब्बीर ससुर शहीद जेठ सलीम देवर वसीम देवरानी हलीमा नंद शबाना आदि के ऊपर अतिरिक्त दहेज मांग करने का आरोप लगाया जबकि पीड़ित शब्बीर ने बताया की पत्नी से एक बार तलाक हो चुका था जिसमें मेहेर समेत सारा सामान वापस कर दिया गया इसके बाद भी अनुनय विनय करने पर बच्चों के पालने हेतु दया करते हुए पीड़ित ने दोबारा पत्नी को स्वीकार किया था परंतु इस बार जान माल की धमकी देने के कारण पति के अंदर पूर्ण रूप से भय व्याप्त है

## संक्षेप

### शिक्षा के मंदिर प्राथमिक विद्यालय में लगा मेला

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर,हमीरपुर। सरकारी विद्यालय बच्चों के भविष्य बनाने के लिए स्थापित किए जाते हैं जहां पर नौ निहालों को शिक्षा दी जाती है यह सरकार की सबसे अच्छी योजनाओं में से एक योजना है जहां पर सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मिड डे मील की व्यवस्था की जाती है ताकि बच्चे स्कूल आए और शिक्षा ग्रहण करें लेकिन जनपद हमीरपुर के सुमेरपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथी के स्कूल प्रांगण में एक मेला लगाया गया है जो शिक्षा विभाग के नियम व कानून के विरुद्ध है किसी भी सरकारी प्राथमिक विद्यालय में मेला व प्रदर्शनी आदि का आयोजन नही किया जा सकता है।इस संबंध में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्कूल प्रांगण के अंदर किसी भी प्रकार के मेले को नहीं लगाया जा सकता यदि ऐसा किया गया है तो हम इसकी जांच करेंगे और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेंगे।

### वीर बाल दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी रूपईडीहा मंडल के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर रूपईडीहा में चार साहिबजादे की स्मृति में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने सिख समुदाय के लोगों को गमछा उढ़ाकर सम्मानित किया। भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में वीर बाल दिवस के रूप में ये एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। इसलिए पिछले वर्ष की भांति इस बार भी वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य सहित अंजली मित्तल,जगदीश कौशल,विजय सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर प्रधानाचार्य अनुज सिंह,आचार्य अनिल शर्मा एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नहर में डूबने से 41 वर्षीय युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जनपद में बिवांर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी 41 वर्षीय ब्यक्ति की नहर में डूबने से मौत हो गयी।सूचना पसर पहुँची पुलिस ने म्रतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भर पोस्टमार्डम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम शहीद खान पुत्र पीरखान 41 वर्ष का शव नहर में मिला तो हड़कंप मच गया।देखते ही देखते ग्रामीणों का हुजूम लग गया।सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम हेतू शव विच्छेदन ग्रहः भेज दिया है।वही स्थानीय पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि उक्त म्रतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था।जो पूर्वाह्न शौच क्रिया के लिए नहर की ओर गया था जिससे उसका पैर नहर में फिसलने से डूब कर मौत हो गयी।इस घटना से म्रतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# ऐतिहासिक मेले में लंकापति का हुआ वध, लगे जयकारे

## क्षेत्रीय विधायक ने वेद मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर फीता काटते हुए किया अमौली मेले का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर, जनपद के सबसे बड़े तथा ऐतिहासिक 152 वें अमौली मेले का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया मेले पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल ने फीता काटकर विशाल मेले का शुभारंभ किया मेला प्रांगण कार्यालय अंतर्गत स्थापित मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं कस्बे के वयोवृद्ध विद्वान आचार्य पंडित करुणा शंकर त्रिवेदी ने वेद मंत्रों के द्वारा विधिवत पूजन संपन्न कराया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि कृष्ण कुमार सविता द्वारा किया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि का मेला कमेटी के अध्यक्ष अवधेश तिवारी प्रबंधक जगत नारायण त्रिवेदी रामसेवक त्रिवेदी मोनू द्विवेदी (बिरनई) आदि सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया मेले के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डा पाल जहानाबाद मंडल अध्यक्ष लाल सिंह सूर्यवंशी मालती वर्मा समेत दर्जनों लोगों का भी भव्य स्वागत हुआ मेला प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक ने अपने संबोधन में वर्तमान सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए पूर्व वर्ष में परिसर में शौचालय इत्यादि के निर्माण की की गई घोषणा के तहत ग्राम प्रधान को प्रस्ताव भेजना के लिए निर्देशित किया



### राम रावण में छिड़ा भीषण युद्ध बना कौतूहल

कस्बे के पाइप सेंटर संस्थान से भगवान राम की सेना शोभायात्रा बाजे गाजे ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई जहां शोभा यात्रा में तपस्वीभेष में भगवान श्री राम लक्ष्मण भगवान शिव पार्वती बजरंगबली जामवंत अंगद नल नील समेत दर्जनों सवारियां कस्बे की मुख्य मार्गो से होते हुए लंका मैदान मेला प्रांगण पहुंची मेला कमेटी के तत्वावधान में शाम समय भगवान श्री राम तथा लंका पति दशानन के बीच मैदानी लीला दिखाते हुए भीषण संग्राम का दर्शन कराया गया देर शाम तक दोनों पक्षों में युद्ध चला जहां सभी राक्षसों का वध करने के पश्चात भगवान श्री राम के बाणों से लंका पति दशानन का वध हुआ प्राणांत होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे से समूचा मेला प्रांगण गुंजायमान कर दिया अनवरत लगभग एक माह तक चलने वाले मेले में पीएसी बल समेत स्थानीय थाना चांदपुर थाना प्रभारी बच्चे लाल प्रसाद के नेतृत्व में जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है शुभारंभ के समय मेला कमेटी कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक के साथ अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता बैजनाथ वर्मा गौरीशंकर देवेंद्र अवस्थी राजेश शर्मा सुरेश सोनकर सत्यम त्रिवेदी हरिनारायण एवं ग्राम प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रहो

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े का नहीं दिख रहा असर

**वाहनों के रफ्तार में नहीं हो रही कमी।**

**तेज रफ़्तार प्राइवेट स्कूल की गाड़ी ने ई रिक्शा में मारी टक्कर**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर।जनपद फतेहपुर के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत शकूराबाद के पास एक प्राइवेट स्कूल की तेज रफ्तार गाड़ी ने ई रिक्शा में टक्कर मारते हुए निकल गई। ई रिक्शा पलट गया,ई रिक्शा में सवार लगभग आधा दर्जन छात्र जो दूसरे विद्यालय के थे घायल हो गए।ग्रामीणों के सहयोग से छात्रों को प्राइवेट हॉस्पिटल और सीएचसी इलाज के लिए भेजा गया है।अब सोचने की बात यह की सरकार द्वारा लगातार लोगो को जागरूक किया जा रहा है की वाहनों को तेज रफ्तार से न चलाए, सुरक्षित चले लेकिन फिर भी वाहन चालकों पर इसका असर नहीं दिखाई पड़ रहा।वही इस मामले में ई रिक्शा में सवार छात्र से बात हुई तो उसने बताया की हम सभी लोग विद्यालय विद्या अध्यन करने जा रहे तभी पतारी मोड़ के समीप स्कूली गाड़ी ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे कई छात्र चोटिल हो गए है जिनका उपचार जारी है ई रिक्शा में सवार छात्रों में साक्षी ,हिना बानू, अमित ,दीपक ,वैभव , यशी आदि रहे।

### अखण्ड परमधाम आश्रम के रक्त शिविर से जरूरत मंदों को मिल रही मदद

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।।जिला अस्पताल में भर्ती तंगामऊ निवासी पति बृजभान की पत्नी रेखा की तबियत खराब हो जाने पर उन्हें खून की कमी हो गई।जिसपर बुंदेलखंड रक्तदान समिति की सदस्य व साध्वी निरंजन ज्योति की निजी सहायक शशि देवी के रक्त से रेखा को मिला जीवनदान।बुंदेलखंड रक्तदान समिति शशि को हृदय से आभार व्यक्त करती है।

# परिवार कल्याण कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित

**पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में केमिस्ट एसोसिएशन ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा**

अमन लेखनी समाचार

फिरोजाबाद ।पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया ने मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की औषधि निरीक्षक देशबंधु विमल और फिरोजाबाद केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के दवा विक्रेताओं के साथ परिवार नियोजन पर कार्यशाला आयोजित की ।कार्यशाला के मुख्य अतिथि परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. फारूक रहे।कार्यशाला में केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन फिरोजाबाद कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीगण के साथ में थोक दवा विक्रेताओ ने प्रतिभाग किया । कार्यशाला में सभी दवा व्यापारियों के सुझाव भी परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के बारे मे लिए गए। बच्चों की संख्या और उनके जन्म के बीच के अंतराल को नियंत्रित करना व विशेष रूप से गर्भ निरोधक के इस्तेमाल व परिवार नियोजन के स्थायी साधनों के माध्यम से देश की जनसंख्या को स्थिर करने में किस प्रकार से सहयोग कर सकते हैं पर चर्चा हुई, ताकि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति निरंतर होती रहे। इस मौके पर आधुनिक परिवेश में महिलाओं को परिवार नियोजन अपनी इच्छा अनुसार रखने तथा अनचाहे गर्भधारण को कम करके उच्च जनसंख्या के प्रभाव को कम करने में सहायता किस प्रकार की जाए तथा मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है, पर भी विचार किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पीएसआई इंडिया से अनिल, शुभ्रा व पंकज आदि ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम में दवा व्यापारी एवं मंडलीय अर्बन कंसल्टेंट इरशाद, मंडलीय एम एंड ई अफजल व जिला अर्बन कोऑर्डिनेटर प्रबल आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर एवं मेला समिति का पुनर्गठन हुआ

## 31 दिसम्बर को दुकानों के आवंटन हेतु ले आउट किया जाएगा

**एक जनवरी से लगेगा बांसी का मेला**

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर /मंदिर एवं मेला प्रबंध समिति की बैठक में प्रबंध समिति का पुनर्गठन हुआ, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष और सुदामा प्रसाद दुबे पुनः प्रबंधक चुने गये।एक जनवरी से लगने वाले परम्परागत नवलसा गौड़ मेला को भव्य बनाने और इस बार मेला उद्घाटन में नेता की जगह संत महात्मा बुलाए जाने का निर्णय लिया गया सोमवार की रात कस्बा के श्री हनुमान जी टौरिया मंदिर पर मंदिर टौरिया को एवं वर्ष में एक बार आयोजित होने वाले श्री नवलसा गौड़ मेला को संचालित करने वाली पंजीकृत संस्था श्री संकटमोचन महाराज मंदिर एवं मेला प्रबंध समिति की साधारण सभा की बैठक में समिति की नियमावली के आधार पर समिति का त्रिवार्षिक पुनर्गठन सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ जिसमें संरक्षक बद्री प्रसाद दुबे, अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रबंधक सुदामा प्रसाद दुबे, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, लेखा निरीक्षक नीरज गंगेले, कार्यकारिणी सदस्य- शत्रुघ्न शास्त्री, मुरलीधर गुप्ता, धनीराम गुप्ता, धर्मेन्द्र शिवहरे, रवि बबेले, रोहित नामदेव नामदेव को चुना गया बैठक में प्रतिवर्ष मकरसंक्रांति पर 1 से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले परम्परागत श्री नवलसा गौड़ मेला को भव्य बनाने पर चर्चा की गई, मेला उद्घाटन हेतु नेताओं की जगह संत महात्मा बुलाए जाने और मेला की दुकानें के आवंटन हेतु 31 दिसम्बर को ले आउट किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गोपाल सोनी, अनिल त्रिपाठी, बृजगोपाल पुरोहित सहित चुने गये पदाधिकारी मौजूद रहे, अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्रिपाठी 'कल्लू' ने एवं संचालन प्रबंधक सुदामा प्रसाद दुबे ने किया।



# अवैध शराब कारोबारी पर प्रशासन का चला चाबुक



अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन पर समूचे जनपद में जगह-जगह निर्मित की जा रही विषैली अवैध कच्ची शराब में छापेमारी का कार्य तीव्रता पर है निर्देशित अभियान के तहत आबकारी टीम एसओजी के साथ जनपद के थाना जहानाबाद पुलिस प्रशासन ने थाना क्षेत्र के नोनारा डेरा गांव में छापेमारी की छापेमारी की सूचना पाते ही गांव में अफरा तफरी मच गई वहीं प्रशासन ने छापेमारी करते हुए 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की अवैध शराब के साथ-साथ 6 कुंतल लहन बरामद हुआ जिसे पुलिस प्रशासन ने मौके पर ही नष्ट कर दिया सूचना पाकर एक महिला समेत दो आरोपी भाग खड़े हुए जिनकी जानकारी लेकर प्रशासन ने थाना जहानाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया इस मौके पर एसओजी टीम आबकारी तथा स्थानीय थाना जहानाबाद पुलिस प्रशासन के महिला तथा पुरुष आरक्षी भारी संख्या में मौजूद रहें

# फाइनेंस करने के नाम पर 3,50,000 रुपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ।महानगर के इंद्रप्रस्थ नगर निवासी हिमालयन इंटरप्राइजेज के प्रवीण कुमार वर्मा ने अनुज श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के अलावा उसके ऑफिस के अन्य व्यक्ति के खिलाफ फाइनेंस करने के नाम पर 3,50,000 रुपये हड़पने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रवीण कुमार वर्मा के मुताबिक उसका गुडंबा थाना क्षेत्र के रिंग रोड, कल्याणपुर में हिमालयन इंटरप्राइजेज के नाम से फर्नीचर का शोरूम है। प्रवीण का कहना है कि 29 जनवरी 2022 को अनुज श्रीवास्तव नामक व्यक्ति के मोबाइल 8737924733 से एक व्हाट्सएप कॉल आई। जिस पर उसने हाल-चाल पूछते हुए बातचीत की। तब पता चला कि उक्त व्यक्ति किसी फाइनेंसर के साथ उसके शोरूम में पहले आ चुका है और उसी से उसका मोबाइल नंबर लिया। इसके जरिए पुनः 24 फरवरी 2022 को बातचीत और व्हाट्सएप चैट हुई।इस बीच अनुज श्रीवास्तव को कहीं से पता चला कि प्रवीण को फाइनेंस की सख्त जरूरत है। इस पर उसने प्रवीण से फाइनेंस करने का वादा किया।प्रवीण का कहना है 11 मार्च 2022 को पूछने पर उसने बताया कि बातचीत हो गई है। इसके बाद अनुज श्रीवास्तव ने प्रवीण से सारे प्रपत्र मांगे। इसी दौरान उसने सरोजनीनगर के विष्णु लोक कॉलोनी स्थित अपने ऑफिस में प्रवीण से कुछ फर्नीचरों की आवश्यकता बताइ और डिलीवरी करने को कहा। इस पर प्रवीण अपने यहां काम करने वाले अशोक मौर्य और राहुल सिंह को लेकर अनुज श्रीवास्तव का ऑफिस देखने गए। इसके बाद 1,22,000 रुपये का फर्नीचर अनुज श्रीवास्तव के ऑफिस में दे दिया।इसी दौरान अनुज श्रीवास्तव ने प्रवीण से उसका फाइनेंस करने के लिए 3,50,000 रुपए एडवांस सर्विस चार्ज मांगा। इस पर प्रवीण ने दिए गए फर्नीचर के पैसों से ही काटने को कहा। लेकिन अनुज ने फर्नीचर का पेमेंट बाद में करने की बात कहते हुए फाइनेंस सर्विस चार्ज की मांग की।इस पर प्रवीण ने अशोक मौर्य की मौजूदगी में 3,50,000 अनुज को दे दिए। बाद में अनुज ने किसी मैनेजर से कॉल कराते हुए कहा कि आपका काम हो रहा है।वहीं अनुज ने प्रवीण से एक बेड, नाइट क्राफ्ट का गद्दा आदि फिर 32,676 रुपये का फर्नीचर मंगाया।इसके बाद 1 अप्रैल 2022 को अनुज ने बताया कि फाइनेंसर की टीम आ गई है और जल्द काम फाइनल हो जाएगा। लेकिन बाद में जब प्रवीण ने अपने फर्नीचर की रकम मांगी तो आरोप है कि अनुज टालमटोल करने लगा।उसने ना तो बैंक वाले पैसे वापस किए और ना ही फर्नीचर का पेमेंट किया। 4 जून 2022 को प्रवीण और अशोक मौर्य अनुज के ऑफिस गए, लेकिन ऑफिस बंद मिला।इस पर उसे संदेह हुआ।जब जानकारी की तो पता चला कि अनुज बैंकों के लोन करने के नाम पर कई लोगों से सर्विस चार्ज के रूप में पैसे लेकर जालसाजी कर चुका है और उसके आरोप में जेल भी जा चुका है। आरोप है कि बैंकों से लोन दिलाने के बहाने अनुज जरूरतमंद लोगों से ठगी करता है। उसने फर्जी संगठन और फर्जी ऑफिस बनाकर तमाम लोगों के साथ जालसाजी की है।उसके साथ आयुष श्रीवास्तव और उसके ऑफिस के अन्य व्यक्ति इसमें शामिल हैं। फिलहाल प्रवीण की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार कंटेनर ने पैदल सड़क पार कर रही दो महिलाओं को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में मंगलवार को तेज रफ्तार कंटेनर ने पैदल सड़क पार कर रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों को लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों महिलाएं आपस में ननद - भौजाई बताई जा रही हैं।उधर घटना के बाद कंटेनर चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर भाग निकला।पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक राजधानी के इंदिरा नगर स्थित सर्वोदय नगर निवासी सुषमा वर्मा (45) इलाके के ही भूतनाथ स्थित मीना मार्केट निवासी अपनी ननद विनीत वर्मा (42) के साथ उज्जैन स्थित महाकाल के दर्शन कर प्राइवेट टूरिस्ट बस से वापस लौट रही थी। तभी बिजनौर में बस चालक ने अनूप खेड़ा स्थित किसान पथ अंडर पास के पास उन्हें बस से उतार दिया।वह घर जाने के लिए अन्य वाहन की तलाश में सड़क पार कर किनारे खड़ी होने जा रही थी।बताते हैं कि सुषमा और विनीता सड़क पर जैसे ही पैदल कुछ दूर बढ़ी तभी पीछे से पहुंचे तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक (यूपी 16 जेटी 6068) ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया।जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक महिलाओं के पास मिले मोबाइल फोन के जरिए पुलिस ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। मौत की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### उत्तर प्रदेश समाज कल्याण राज्य मंत्री ने असहायो में वितरित किया कंबल

डाला सोनभद्र। ओबरा विधान सभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय डाला बाड़ी पर राज्य मंत्री सजीव सिंह गौड़ एव चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने सोमवार सुबह ग्यारह बजे के करीब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनको याद करते हुए जंयती मनाया। जिसके उपरांत राज्य मंत्री संजीव सिंह एव ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने विधानसभा क्षेत्र के डाला बाड़ी गांव चक्दहिया गडईडीह, कोल बस्ती गरीब असहाय बुजुर्ग महिलाओं समेत विकलांग जरूरतमंदों लोगों में पांच सौ कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा शिव नाथ जयसवाल, सूर्या यादव प्रभाकर सिंह टाटा चौधरी, प्रदीप निषाद, मुकेश चौधरी, गुलाब, अभिनाश पांडेय, गुड्डू गोड़ आदि स्थानीय लोगों के साथ भाजपा कार्यकताओं मौजूद रहे।

# बाबा कीनाराम व बाबा सम्भव राम अन्धऊ में विचार गोष्ठी आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में अघोर परिषद ट्रस्ट सर्वेश्वरी समूह वाराणसी की ओर से जिले की स्थानीय शाखा अन्धऊ में बाबा कीनाराम व बाबा सम्भव राम के अनुयायियों की ओर से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह रहे।उन्होंने गरीबों के लिये आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के आयोजक भारत ट्रान्सपोर्ट के मालिक व समाजसेवी संजय सिंह को बधाई दी और इस सराहनीय कार्य के लिये धन्यवाद भी दिया। मालूम हो कि इस कार्यक्रम में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरण भी किया गया। विधायक ने कहा कि जिले में पैसे वालो की कोई कमी नही है न ही महल वाले लोगों की तादाद में कमी आयी है, लेकिन बड़ी सोच रखना सबके बूते में नही है।लगातार दस सालों से जिले के गरीबों, बीमारों व कुष्ठ रोगियों को खाना खिलाने के साथ जाड़े के दिन में उन्हें कम्बल देकर संजय सिंह ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है।इस दौरान विजयगढ़ के राजा विक्रमशाह भी मौजूद रहे।विधायक ओमप्रकाश सिंह ने भी 350 गरीबों को सर्वेश्वरी समूह का कम्बल वितरित किया। इस कार्यक्रम में जनपद के तमाम बुद्धिजीवी व शिक्षक, अधिवक्ता, अफसर, समाजसेवी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक ओमप्रकाश सिंह और राजेश राय पप्पू ने बाबा कीनाराम के साथ अघोरेश्वर भगवान श्रीराम व सम्भव राम बाबा के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलन से किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खेल विकास विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई।बैठक में जिला कीड़ा अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश लीग के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक लोक दल विभागमीरजापुर के तत्वाधान में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय खेल कुंभ प्रतियोगिता दिनांक 30 एवं 31 दिसंबर 2023 को आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में युवा कल्याण विभाग द्वारा जिलाधिकारी के निदेशानुसार प्रतियोगिता आयोजित कराएगी।जिलाधिकारी ने जिला कीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के भोजन, नाश्ता, सुरक्षा आज की व्यवस्था समय से करा ली जाए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ले जाने लाने और सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं पहले से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में एक बैनर लगाया जाए जिसमें अतिथियों व जन प्रतिनिधियों के नाम अवश्य लिखवाया जाए तथा उन्हें आने हेतु आमंत्रण पत्र भी भेजा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला कीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी राजेश सोनकर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर बी0के0 चौधरी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों द्वारा गृहस्वामिनी गोली कांड मामले में एएसपी ने की जांच

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मझगवा थाना क्षेत्र के कुल्है डा गांव में बीते दो दिवस पूर्व चोरी करने के उद्देश्य से घर में घुसे चोरों ने खटपट सुनकर जागी महिला को गोली मार कर घायल कर दिया था। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने गांव पहुंच कर दो घंटे तक घायल महिला के परिजनों से जानकारी ली।बताते चलें कि शनिवार की रात्रि करीब एक बजे कुल्है डा गांव निवासी संतोष राजपूत पुत्र वासुदेव के मकान में घुसकर चोर मोबाइल फोन व पेंट की जेब से 18 हजार रुपए चोरी करके ले गए थे। जिसके बाद 2:30 बजे बदमाशों ने गांव के सुरेंद्र सिंह राजपूत पुत्र दृगपाल राजपूत के मकान को निशाना बनाते हुए चोरी करने के इरादे से घर में घुस गए थे। तभी चोरों की खटपट सुनकर सुरेंद्र कुमार की 33 वर्षीय पत्नी आनंद कुमारी जाग गई थी। बदमाशों के पास पहुंची तो बदमाशों ने उसे देखते ही तमंचे से गोली मार दी थी। गोली महिला के घुटनों के ऊपर जा लगी थी। जिसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया था।जहां डा. चतुर्भुज सिंह ने महिला को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया था। इस मामले में एएसपी मायाराम वर्मा व मझगवां थानाध्यक्ष अजीत सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे।इस संबंध में मझगवां थानाध्यक्ष ने बताया कि गांव पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच पड़ताल की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि घटना का जल्द अनावरण किया जाएगा तथा घटना को अंजाम देने वाले आरोपित अज्ञात चोरों गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज नए साल पर होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाइफ Style

# पूजा हेगड़े

## शाहिद संग एक्शन थ्रिलर फिल्म में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करती नजर आएंगी। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित एक्शन थ्रिलर फिल्म में पूजा हेगड़े को लीड फीमेल रोल के लिए चुना गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म में पूजा हेगड़े शाहिद कपूर के साथ नजर आएंगी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज़, ज़ी स्टूडियो के सीईओ शारिक पटेल और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने कहा, पूजा हेगड़े को बोर्ड पर लाना हमारे लिए एक आसान निर्णय था क्योंकि वह बेहद वर्सटाइल और होनहार हैं। जिनभी अभिनेताओं के साथ पूजा की जोड़ी बनी है, उनके साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री व्यापक रूप से पहचानी जाती है, और हमें यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में उनका दूसरा पक्ष देखने को मिलेगा। हम पूजा को बोर्ड पर पाकर बहुत खुश हैं। पूजा हेगड़े ने कहा, यह एक रोमांचक लेकिन अलग कहानी वाली एक बहुत ही खास फिल्म है। रोशन एंड्रयूज बड़े पर्दे पर जादू बुनने के लिए जाने जाते हैं, और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, जिससे दर्शक मुझे ऐसी अनोखे और अलग भूमिका में देख सकें। मैं शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए भी उत्सुक हूं; वह एक शानदार कलाकार हैं और मुझे उम्मीद है कि हमारा सहयोग यादगार रहेगा।



## हॉलीवुड मसाला

# क्रिसमस समारोह में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसनें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल, 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर क्रिसमस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां ईसाई समुदाय के कई लोग पहुंचे थे। इन्हीं सब के साथ डिनो भी इस समारोह का हिस्सा बने। अब अभिनेता ने 26 दिसंबर को इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं।




# डिस्कवरी इंक की बॉक्स ऑफिस पर फिर वापसी

**लॉस एंजिलस।** छुट्टियों का मौसम ख़त्म होने और 2024 के शुरू होने के साथ ही हम जनता को सिनेमाघरों की ओर वापस आकर्षित करने के लिए सेट की गई प्रमुख मोशन पिक्चर्स पर प्रकाश डालते हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छुट्टियों के मौसम में बॉक्स ऑफिस क्या लेकर आता है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी इंक की 15 दिसंबर की सफल शुरुआत के बाद आशावादी माहौल है। वोंका. उस फिल्म ने अपनी शुरुआती रात में 3.5 मिलियन डॉलर की कमाई की। सीएनबीसी की जूलिया बरस्टिन के अनुसार, उद्योग विश्लेषकों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मजबूत आंकड़ों के साथ-साथ पहले सप्ताहांत में कुल बॉक्स ऑफिस बिक्री 40 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया है। ब्लॉकबस्टर बार्बी और ओपेनहाइमर ने परिवारों को सिनेमाघरों में वापस आकर्षित किया, और फिर टेलर स्विफ्ट के द एरास टूर म्यूजिकल के परिणामस्वरूप इस तिमाही की शुरुआत में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



# जैकी संग प्यार का किया इजहार...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने 25 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। जैकी के जन्मदिन पर रकुल ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कर अपने प्यार का इजहार किया है। इसके साथ उन्होंने नोट भी लिखा है। रकुल ने जैकी संग अपनी तस्वीरें साझा कर लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है।' उन्होंने आगे लिखा, 'आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं, लेकिन मुझे यह मानना होगा कि आप मजाकिया हैं। भगवान आपकी रक्षा करें, क्योंकि आपके जैसे पुरुष बहुत कम हैं। रोमांच, सफर, खाना और हंसना है और हमें हमेशा साथ रहना है।' इस खास मौके पर दुनियाभर में मौजूद प्रशंसकों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।




# विलेन बन खेसारी से लेंगे टक्कर...

**मुंबई।** अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्टरी के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन, खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं। आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपच्र्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है।

# 'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। डिज्नी+हॉटस्टार के आगामी शो 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' को ग्राफिक इंडिया द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारूवी अग्रवाल ने डिज्नी+हॉटस्टार के लिये इसे क्रिएट किया है, जिसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी 2024 से शुरू होगी। इसमें रामायण की उन कालजयी कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, जो हनुमान की गाथा को सामने लाती हैं।



### युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे : प्रोड्यूसर


द लेजेंड ऑफ हनुमान के क्रिएटर एवं एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, द लेजेंड ऑफ हनुमान' के सीजन 3 में हम अच्छाई और बुराई के बीच चलने वाले निरंतर युद्ध के महाकाव्य पर विस्तार करेंगे, और दिखायेंगे कि कैसे अजर-अमर भगवान हनुमान भयानक अंधकार के बीच हमेशा जलने वाली आशा की ज्योति बन जाते हैं। इसमें पहली बार, लंका की महायुद्ध की भव्यता और देवताओं, दानवों, वनों में रहने वाले जीवों और महान योद्धाओं को उच्च गुणवत्ता वाले एनीमेशन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### रावण का किरदार मुझे बचपन से पसंद रहा : केलकर

'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' में रावण को आवाज देने वाले, शरद केलकर ने कहा, मैं भगवान हनुमान के दिग्गज कारनामों के बारे में सुनते हुए बड़ा हुआ हूं और अब रावण के किरदार में इस कहानी का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। बचपन में रामायण की कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया था। मुझे रावण की तगड़ी हंसी बड़ा आकर्षित करती थी और उस हंसी ने सबको हमेशा रोमांचित किया। उस हंसी को पेश करना एक बड़ी चुनौती थी। डबिंग के दौरान मैं उस हंसी का बार-बार अभ्यास करता था; इतना कि मैं आसपास के क्रू मेंबर्स को चौंका देता था।


# अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म 'सुल्तान मिर्जा' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। निर्देशक इकबाल बख्श ने लखनऊ पर एक समय राज किए हुए अंडरवर्ल्ड डॉन सुल्तान मिर्जा पर आधारित फिल्म सुल्तान मिर्जा बनाई है, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। ओक्राब इंटरनेशनल, रेड किंग फ़ल्मि प्रोडक्शन्स प्रेजेंट्स इस फ़ल्मि के निर्माता हिमायत अली हैं। इस फ़ल्मि को शान परफॉर्मिंग ग्रुप, आर आर रोकड़े प्रोडक्शन्स और वी जी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले बनाया गया है। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के सह निर्माता राजेश रोकड़े गेंदराज यादव एवं जावेद मीर खान हैं। इस फ़ल्मि



की कहानी दीपक भाटिया ने लिखी है, स्क्रीनप्ले और संवाद हिमायत अली का है। फ़ल्मि के सिनेमेटोग्राफर दिनेश आर पटेल एवं सन्तोष सिंह हैं। फ़ल्मि में मारधाड़ जावेद आर शेख का है , कोरियोग्राफर दिलीप मिस्त्री हैं। फ़ल्मि सुल्तान मिर्जा के मुख्य कलाकार साहिल अख़्तर खान, श्वेता दुबे, हिमायत अली, ज़रीना वहाब, दीपक भाटिया, यशपाल शर्मा, अनंत जोग, सिकन्दर खान, देव गिल हैं।

# 'कर्माधिकारी शनि देव' में मिस्टर हिमाचल रवीज ठाकुर आएंगे नजर



**नई दिल्ली।** धारावाहिक का प्रोमो जल्द आएगा, धारावाहिक अगले महीने से शेमारू टीवी पर देखा जा सकेगा। धारावाहिक की शूटिंग मुंबई स्थित भजनलाल स्टूडियो में जारी है। संदीप मोहन रिवीज के पिता के रोल में नजर आएंगे। 'दिव्य हिमाचल मीडिया ग्रुप' के लोकप्रिय इवेंट 'मिस्टर हिमाचल' के विजेता रवीज ठाकुर ने मुंबई में बड़ी ख्याति हासिल की है।

सोनी टीवी के सीरियल 'पोरस' में रविज ठाकुर को सेल्यूकस निकेटर के किरदार में लोगों ने खूब पसंद किया। शिमला की रोहड़ू तहसील के रूंडा गांव के रविज ने हाल ही में मनोज बाजपेई के साथ एमेजॉन प्राइम का विज्ञापन किया। रविज का मानना है कि'मिस्टर हिमाचल' के माध्यम से ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। रवीज इससे पहले दर्जनों सीरियल में काम कर चुके हैं। रवीज ठाकुर ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर से हासिल की है। वर्ष 2015 में 'मिस्टर हिमाचल' जैसे प्लेफार्म ने उनकी दिशा बदल दी। 'मिस्टर इंडिया मैन हंट पेजेंट' का खिताब हासिल करने के बाद जनवरी, 2016 में रवीज ने मुंबई का रुख किया, तो अपने हुनर के बूते सीरियल में काम करने का मौका मिला।



## अभिषेक बच्चन ने कहा- फिल्मफेयर में जाकर मिली पहली फिल्म

# अभिषेक ने सुनाया पहली फिल्म मिलने का किस्सा

अभिषेक बच्चन ने 2000 में निर्देशक जेपी दत्त की फिल्म 'रिफ्यूजी' से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी, लेकिन ये सफर उनके लिए इतना आसान नहीं था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिषेक ने करियर की शुरुआती दिनों को याद कर पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिलने का किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि पिता अमिताभ बच्चन के व्यवसाय के ध्वस्त होने के बाद वह अमेरिका से वापस भारत लौटे और प्रोडक्शन सहायक व सहायक निर्देशक के तौर पर काम करने लगे थे।

### दिवालिया हो गए थे अमिताभ

दरअसल, अमिताभ ने एबीसीएल नाम की कंपनी खोली, जो फिल्म प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूशन और इवेंट मैनेजमेंट का काम करती थी। हालांकि, कंपनी पर करोड़ों रुपये का कर्ज हो गया और अभिनेता दिवालिया हो गए। बाद में अभिनेता को काम मिलने लगा और उन्होंने कर्ज उतार दिया।



### कोई नहीं करना चाहता था अमिताभ के बेटे को लॉन्च

एक बातचीत में अभिषेक ने बताया कि वह हमेशा से अभिनेता बनना चाहते थे और इसलिए उन्होंने कई निर्देशकों से मुलाकात की, लेकिन कोई भी अमिताभ के बेटे को लॉन्च करने की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता था। ऐसे में अभिषेक और उनके दोस्त ने स्क्रिप्ट खुद लिखने का फैसला किया, लेकिन वह भी आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, एक दिन अमिताभ ने अभिषेक को फिल्मफेयर पुरस्कारों में साथ चलने के लिए आमंत्रित किया, जिसके बाद उनका जीवन बदला।

### बहन की शादी की शेरवानी पहन फिल्मफेयर में पहुंचे थे अभिषेक

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जाने के लिए महीनों पहले से योजना बनाई जाती थी कि क्या पहनना है क्योंकि उन दिनों कपड़े खरीदने पड़ते थे। अभिषेक ने कहा, मुझे नहीं पता था कि क्या पहनूं और अब अजीब लगता है, लेकिन मेरे पास इतने कपड़े भी नहीं थे। हम उस समय एक कठिन दौर से गुजर रहे थे और खर्चा नहीं कर सकते थे।

### पुरस्कार समारोह के 2 दिन बाद ही मिल गई फिल्म

अभिषेक बताते हैं कि फिल्मफेयर में जेपी दत्ता को फिल्म 'बॉर्डर' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला था और जब वह मंच से नीचे जा रहे थे तो उनकी नजर अभिनेता पर पड़ी। इसके 2 दिन बाद ही निर्देशक ने अभिषेक से मिलने के लिए कहा और ऐसे अभिनेता को उनकी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' मिल गई। इस फिल्म में अभिषेक के साथ करीना कपूर नजर आई थीं, जो भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही थीं।

### इस फिल्म में दिखेंगे अभिषेक

अभिषेक हाल ही में सैयामी खेर के साथ फिल्म 'घूमर' में नजर आए थे, जिसमें वह एक पूर्व खिलाड़ी और कोच के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने में सफल रहे। ये फिल्म जी5 पर देखी जा सकती है। अब अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'भोला' के अगले भाग में नजर आ सकते हैं, जिसमें वह एक अहम किरदार निभाएंगे। इसके अलावा अभिनेता की फिल्म 'दसवीं' के सीक्वल को लेकर भी खबरें आ रही।